page 1_Layout 1 09-09-2026 20:03 Page 1

डेली आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

आवाज भारती

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » वीरवार, 10 सितंबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :138 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल

बलात्कारी के आरोपी को बचाने के लिए 5 करोड़ लेने का आरोप

डॉ. गुरप्रीत कौर मान पर एफआईआर दर्ज करने का आग्रह : हरसिमरत कौर बादल

इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय को सीबीआई का मामला दर्ज करने की सिफारिश करने के लिए एनसीडब्ल्यू की चेयरपर्सन से मुलाकात की

बलात्कार के दोनों मामलों में रदद करने की रिपोर्ट दाखिल करने वाले पुलिस अधिकारियों की भूमिका की जांच मांगी

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल की वरिष्ठ नेता एवं बठिंडा सांसद बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आज दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) से अपील की है कि वह पंजाब सरकार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर मान और उनके सहयोगियों के खिलाफ बलात्कार के दो मामलों का सामना कर रहे एक आरोपी को बचाने के लिए 5 करो रूपये की रिश्वत लेने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने का आग्रह किया है।

बठिंडा सांसद ने आज शाम राष्ट्रीय महिला के चेयरपर्सन विजया किशोर राहटकर से मुलाकात की। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 10 के तहत संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री की पत्नी और उनके सहयोगियों के खिलाफ केस दर्ज किया जाना चाहिए। उन्होने आयोग से मुख्यमंत्री के परिवार के इशारे पर अमृतसर और मोहाली में बलात्कार की दो जांच में बाधा डालने की सीबीआई जांच शुरू करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से सिफारिश करने का भी आग्रह किया है। बीबा हरसिमरत कौर बादल ने आयोग के ध्यान में यह बात लाई कि पंजाब पुलिस ने अमृतसर और मोहाली में दो महिलाओं द्वारा दर्ज किए गए बलात्कार के दो मामलों को उनके तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने के बजाय उनका उल्टफेर दिया गया। उन्होने कहा कि मामलों में एकतरफा रिपोर्ट रदद करने और आरोपी मीडिया इन्फ्लूएंसर गुरी चहल को उसकी गिरफ्तारी के दो महीने के अंदर ही जेल से रिहा करने में पुलिस अधिकारियों की भूमिका सीबीआई को



सौंपी जानी चाहिए। बीबा बादल ने सुश्री राहटकर से शिकायतकर्ता महिलाओं और उनके परिवारों दोनों के बयानों को सुरक्षित और गोपनीय सेटिंग में दर्ज करने के लिए पंजाब का दौरा कर एक जांच कमेटी गठन करने का भी आग्रह किया । उन्होने कहा कि एक बार ऐसा हो जाने के बाद पुलिस महानिदेशक, अमृतसर पुलिस कमिशनर, एसएएस नगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और विशेष पुलिस महानिदेशक, जिन्हें उच्च न्यायायल ने अमृतसर की जांच सौंपी थी, को धारा 10(4) के तहत आरोपियों की हिरासत और जेल स्थानांतरण से संबंधित पूरे रिकॉर्ड के साथ तलब किया जाना चाहिए। बठिंडा सांसद ने ऑडियो रिकॉर्डिंग , तस्वीरों,सीसीटीवी फुटेज और संबंधित व्यक्तियों के कॉल रिकॉर्ड सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के संरक्षण और फोरेंसिंक जांच की जांच की मांग की है। उन्होने यह भी आग्रह किया कि गवाहों को गवाह सुरक्षा योजना के तहत रखा जाए और आरोपी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया जाए ताकि मुकदमे का सामना करने के लिए उसकी वापसी को सुनिश्चित किया जा सके। एनसीडब्ल्यू चेयरपर्सन को ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए बीबा बादल ने कहा,''जब मुख्यमंत्री के घर से हमारी बेटियों की सुरक्षा का सौदा किया जा रहा हैं,उस समय पंजाब की बेटी होने के नाते मैं चुप नही रह सकती।'' उन्होने साफ किया कि उन्होने आयोग से इसीलिए संपर्क किया क्योंकि उन्हें पता चला कि इस मामले में न्याय मांगने का दरवाजा उसी कार्यालय द्वारा बंद कर दिया गया जिसका काम पीर्ीतों के सम्मान की रक्षा करना है। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बीबा बादल ने बताया कि उन्होने ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिससे पता चलता है कि मुख्यमंत्री की पत्नी के बहनोई अमरदीप ग्रेवाल ने बलात्कार के आरोपी को बचाने के लिए किस तरह से काम किया था।

सीएम मान ने फसली अवशेषों के स्थायी प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए सी.आई.आई. के साथ मिलकर काम करने की वकालत की

- **पंजाब को देश का अग्रणी औद्योगिक केंद्र बनाने के अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए लगातार काम कर रही है: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान**



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज फसली अवशेषों के स्थायी प्रबंधन को बढ़ावा देने, ज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान के माध्यम से बागवानी क्षेत्र को मजबूत करने तथा प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए युवाओं को कुशल बनाने हेतु कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सी.आई.आई.) के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया। सी.आई.आई. के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, जलवायु परिवर्तन से निपटने तथा स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने मालवा क्षेत्र, विशेषकर संगरूर और बरनाला में शुरू की गई पहलों के साथ-साथ लुधियाना में प्रस्तावित मल्टी-स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट तथा जालंधर में अत्याधुनिक प्रयोगशाला से युक्त सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर टेक्निकल टेक्सटाइल्स स्थापित करने सहित नई कौशल विकास एवं प्रौद्योगिकी आधारित पहलों पर भी विचार-विमर्श किया।

बैठक के संबंध में जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अपने एक्स अकाउंट पर कहा, आज चंडीगढ़ में मेरी सी.आई.आई. उत्तरी क्षेत्र के चेयरमैन के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के दौरान हमने पंजाब में औद्योगिक विकास, नए निवेश आकर्षित करने और युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने के संबंध में व्यापक चर्चा की। हमारी सरकार पंजाब को देश का अग्रणी औद्योगिक केंद्र बनाने और कारोबार के अनुकूल माहौल तैयार करने के लिए लगातार काम कर रही है। हम पंजाब की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। सी.आई.आई. के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए पंजाब सरकार और सी.आई.आई. का मिलकर काम करना बेहद जरूरी है। हमारा ध्यान स्थिरता, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, जलवायु परिवर्तन से निपटने और स्वच्छ प्रौद्योगिकी पर होना चाहिए। इससे एक ओर किसानों को लाभ मिलेगा और दूसरी ओर पंजाब को स्वच्छ, हराभरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सी.आई.आई. को मालवा क्षेत्र, विशेष रूप से संगरूर और बरनाला, जहां धान की परमल किस्म की खेती होती है, के साथ-साथ पंजाब के अन्य हिस्सों में भी फसली अवशेषों के निपटारे के प्रयासों को तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, पंजाब फसली अवशेषों के प्रबंधन के लिए टिकाऊ और प्रौद्योगिकी आधारित समाधान अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कांग्रेस और राहुल गांधी को लाशों पर राजनीति करने की आदत हो गई है, पंजाब को ऐसी राजनीति पसंद नहीं : कुलदीप धालीवाल

संगरूर की घटना पर मान सरकार ने तुरंत कार्रवाई की, परिवार को आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी दी, कांग्रेस अभी भी लाशों पर राजनीति कर रही है: कुलदीप धालीवाल

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/अमृतसर। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के मुख्य प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने संगरूर निवासी गुलजार सिंह की मौत पर राहुल गांधी के ट्वीट को दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताया और कहा कि कांग्रेस को लाशों पर राजनीति करने की आदत हो गई है। गुलजार सिंह की मौत पर दुख जताते हुए उन्होंने कहा कि मान सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए दोषियों को गिरफ्तार किया है और पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के साथ-साथ परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का भी ऐलान किया है। सिर्फ आम आदमी पार्टी की सरकार ही है जो बिना समय बर्बाद किए हर नागरिक को इंसाफ दिलाती है।



बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुलदीप धालीवाल ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास लाशों की राजनीति से भरा पड़ा है। 1984 में श्री दरबार साहिब पर हमला करने, अकाल तख्त साहिब को गिराने और दिल्ली समेत पूरे देश में सिखों का कत्लेआम करने के बाद राजीव गांधी ने 31 दिसंबर 1984 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और इन्हीं लाशों के दम पर कांग्रेस को 414 सीटें मिली थीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को खून का चस्का लगा हुआ है। 1992 में बेअंत सिंह सरकार के समय कांग्रेस ने पंजाब के हजारों युवाओं की लाशों पर राजनीति करके 87 सीटें जीती थीं। इतना ही नहीं, अकाली दल ने भी 1997 में इन हत्याओं पर राजनीति करके 75 सीटें जीती थीं, लेकिन सत्ता में आने के बाद केपीएस गिल, सैनी और इजहार आलम जैसे अधिकारियों पर कार्रवाई करने के बजाय उनकी पदौन्नति की गई। धलीवाल ने राहुल गांधी को ट्वीट करने से पहले गुलजार सिंह के बेटे का वीडियो देखने की सलाह दी, जिसमें गांववालों ने राजनीति करने आए कांग्रेसियों को गांव से भगा दिया था। उन्होंने सवाल किया कि जब कैप्टन अमरिंदर सिंह ने राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखकर बताया कि उनके कैबिनेट मंत्री और विधायक नशे के धंधे में शामिल हैं, तो उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि फरीदकोट में एक कॉन्ट्रैक्टर के परिवार की आत्महत्या और घायल पत्नी के बयान पर कांग्रेस ने क्या कार्रवाई की, जिसमें उसने कहा था कि राजा वड़िंग ने उसके परिवार को बर्बाद कर दिया है? धालीवाल ने स्पष्ट किया कि पंजाब, चंडीगढ़, पंजाबी बोलने वाले इलाकों और यूनिवर्सिटीज़ के हक कांग्रेस ने छीन लिए हैं। जो कांग्रेसी सज्जन कुमार और जगदीश टाइटलर जैसे आरोपियों को अपना रोल मॉडल मानते हैं, उन्हें पंजाब की चिंता करने का कोई हक नहीं है।

मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

कहा- पंजाब की संस्कृति 'लाशों पर राजनीति' की इजाज़त नहीं देती, यह सांप्रदायिक सद्भाव और 'सरबत के भले' में विश्वास रखती है

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजन: आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के सीनियर नेता और कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने बुधवार को दिड़बा में हुई हालिया घटना पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयानों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां पीड़ित परिवार और स्थानीय लोगों की भावनाओं को समझने के बजाय एक दुखद घटना पर राजनीति कर रही हैं। राहुल गांधी के सोशल मीडिया पोस्ट पर जवाब देते हुए मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा, ÷राहुल गांधी जी, आपने नशे और नशे के खिलाफ कार्रवाई की बात की है, लेकिन मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि अगर पंजाब में किसी सरकार ने नशों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है, तो वह मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप सरकार है। आपकी पार्टी 2017 में चार हफ्तों के अंदर



नशे को खत्म करने का वादा करके सत्ता में आई थी। आपकी सरकार पांच साल थी, आपने उन पांच सालों में क्या किया? मंत्री ने कहा कि भगवंत मान सरकार ने नशे के खिलाफ युद्ध स्तर पर अभियान चलाया है और अब इसके ठोस नतीजे सामने आ रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि विपक्ष एक दुखद घटना पर राजनीति क्यों कर रहा है, जबकि उसके पास सरकार के खिलाफ उठाने के लिए कोई ठोस मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा, ÷पहले आप धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करते थे। अब जब वे मुद्दे फेल हो गए, तो आप लाशों पर राजनीति करने लगे हैं। यह पंजाब की संस्कृति नहीं है। मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि पीड़ित परिवार ने अपनी मज़ी से गुलज़ार सिंह का अंतिम संस्कार करने का फ़ैसला किया था, फिर भी विपक्ष के नेता मौके पर पहुँचे और मामले को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने खुद राजनीतिक नेताओं की मौजूदगी का विरोध किया और उन्हें जाने के लिए कहा। लोगों ने साफ़ कर दिया कि उन्होंने अपनी कमेटी बना ली है और वे खुद ही मामले को संभाल लेंगे। मंत्री ने आगे कहा कि पंजाब में नशे की समस्या पिछली कांग्रेस और अकाली-भाजपा सरकारों की गलती है, जबकि मौजूदा आप सरकार नशा तस्करों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, ÷राहुल गांधी जी, पंजाब आइए। उस गाँव में आइए और खुद हालात देखिए। लोगों से बात कीजिए और समझिए कि वे क्या चाहते हैं और क्या कह रहे हैं। दिल्ली में बैठकर बयान देने से ज़मीनी हकीकत सामने नहीं आती। मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आगे कहा, ÷जब भी पंजाब में कोई छोटी सी घटना होती है, तो सभी विपक्षी पार्टियों के नेता वहां दौड़े चले आते हैं। उनके पास कोई और मुद्दा नहीं बचता। लेकिन पंजाब के लोगों को इस तरह की राजनीति पसंद नहीं है। पंजाब मिलजुलकर रहने, भाईचारा बनाए रखने और सबकी भलाई में विश्वास रखता है। बरिंदर कुमार गोयल ने दोहराया कि न तो आप के किसी मंत्री और न ही किसी विधायक का इस घटना से कोई लेना-देना है।

कनाडा में शो के दौरान एमी विर्क पर गोलियों से हमला

आरोपियों ने रोल्स रॉयस कार पर चलाई 7 गोलियां

- **घटना शनिवार देर रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है**
- **कार के पिछले शीशे समेत करीब 7 जगह गोलियों के निशान मिले**

डेली आवाज भारती

कनाडा के एबॉट्सफोर्ड में पंजाबी सिंगर और एक्टर एमी विर्क की कार पर फायरिंग का मामला सामने आया है। यह घटना शनिवार देर रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। फायरिंग में कार के पिछले शीशे समेत करीब 7 जगह गोलियों के निशान मिले हैं। बताया जा रहा है कि कार की मजबूती के कारण गोलियां अंदर नहीं जा पाई। कार में एमी विर्क समेत चार लोग सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। पुलिस के मुताबिक, फायरिंग के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, एमी विर्क एबॉट्सफोर्ड में अपना शो खत्म कर बाहर निकले थे। इसी दौरान मैक्लम



रोड और साउथ फ्रेजर वे के पास उनकी लग्जरी रोल्स रॉयस कलिनन कार पर 7 से 10 गोलियां चलाई गईं। घटनास्थल से करीब 5 किलोमीटर दूर सनी साइड प्लेस के पास एक संदिग्ध स्कूल जली हुई मिली, जिसे हमले में इस्तेमाल किए जाने का शक है।

पंजाबी कलाकारों की सुरक्षा को लेकर सवाल!

हालांकि, निजता का हवाला देते हुए पुलिस ने यह बताने से इनकार किया है कि हमलावरों का मुख्य निशाना कौन था। घटना के बाद पंजाबी म्यूजिक और फिल्म इंडस्ट्री में चिंता का माहौल है। खासकर सिद्धू मूसेवाला की हत्या जैसी घटनाओं के बाद विदेशों में शो करने वाले पंजाबी कलाकारों की सुरक्षा को लेकर सवाल फिर उठने लगे हैं।

लुधियाना : संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के अपमान के विरोध में चक्का जाम, एनएच-44 रहेगा प्रभावित

डेली आवाज भारती

लुधियाना। लुधियाना में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अपमान के विरोध में आज बुधवार को बंद रखा जा रहा है। 5 सितंबर को जालंधर बाईपास चौक स्थित प्रतिमा पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने आपत्तिजनक चीज डाल दी थी। तीन दिन तक विरोध के बाद पुलिस ने मंगलवार रात एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मुख्य मांग आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी और प्रतिमा की सुरक्षा बढ़ाना है। दूसरी मांग नए सीसीटीवी कैमरे लगाने की है। आज जालंधर बाईपास चौक समेत शहर के कई मुख्य बाजारों में चक्का जाम किया

- **जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होता, उनका विरोध जारी रहेगा**
- **मुख्य मांग आरोपी की गिरफ्तारी और प्रतिमा की सुरक्षा बढ़ाना**

जाएगा। ह्ण-44 पर भी जाम लगाने का ऐलान किया गया है।इसका असर अमृतसर, जालंधर, पानीपत और दिल्ली की तरफ जाने वाले ट्रैफिक पर पड़ सकता है। वहीं, बाईपास और हाईवे पर चक्का जाम के कारण ट्रैफिक का दबाव बढ़ सकता है। यात्रियों को जाम से बचने



के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। बंद का नेतृत्व कर रहे दलित नेता और भाजपा के पूर्व पार्षद चौधरी यशपाल ने लोगों, दुकानदारों और उद्योगपतियों से बंद का समर्थन करने की अपील की है। बंद के कारण शहर के कई बाजारों और दुकानों के प्रभावित रहने की संभावना है। स्कूली बसों, एंबुलेंस और अन्य जरूरी वाहनों को भी जाम के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि आवाजाही में किसी तरह की बाधा न डाली जाए।

- **प्रतिमा के आसपास सुरक्षा के लिए नए सीसीटीवी लगाने की मांग**
- **बाईपास व हाईवे जाम से ट्रैफिक का दबाव बढ़ सकता है**

जिला पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। बंद को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाने के साथ ट्रैफिक के रूट भी डायवर्ट किए हैं। हालांकि, प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होता, उनका विरोध जारी रहेगा। डीएसपी आलम विजय सिंह के मुताबिक, FIR दर्ज कर पुलिस की टीमें जांच में जुटी हैं।

जालंधर में बंद का ऐलान, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक रहेगा बंद

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ मामला

डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिन: लुधियाना में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा से छेड़छाड़ के मामले को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। घटना के विरोध में अलग-अलग जिलों में जत्थेबंदियों की ओर से बंद का ऐलान किया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने के विरोध में जालंधर बंद रखने का फैसला किया गया है। जालंधर में भी भगवान



वाल्मीकि शक्ति क्रांति सेना पंजाब और भीम क्रांति सेना ने शहर बंद रखने का ऐलान किया है। हालांकि स्कूल कॉलेज मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे। जालंधर में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगा।

जत्थेबंदियों के नेताओं का कहना है कि बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ बार-बार छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे समुदाय में भारी रोष है। उनका आरोप है कि पहले भी प्रतिमा के शीशे तोड़े गए थे और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की गई थी, लेकिन पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। जत्थेबंदियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और प्रतिमा की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

मणिमहेश यात्रा में दो दिनों में 2 श्रद्धालुओं की मौत, एक पंजाब तो दूसरा हरियाणा से

डेली आवाज भारती

मणिमहेश यात्रा के दौरान दो दिनों में दो श्रद्धालुओं की मौत का मामला सामने आया है। इनमें एक श्रद्धालु की मौत हार्ट अटैक से हुई, जबकि दूसरे की तबीयत लंगर सेवा के दौरान अचानक बिगड़ गई। दो दिनों में दो मौतों के बाद प्रशासन ने श्रद्धालुओं से यात्रा से पहले मेडिकल चेकअप करवाने और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।




पठानकोट निवासी 51 वर्षीय सुच्चा सिंह गौरीकुंड में लंगर सेवा कर रहे थे। अचानक तबीयत बिगड़ी और कुछ देर बाद मौत हो गई। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी।

CMYK

page 2_Layout 1 09-09-2026 20:29 Page 1

हरियाणा और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा, स्किल, इनोवेशन और निवेश के क्षेत्र में सहयोग की व्यापक संभावनाएं : नायब सिंह सैनी



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में बुधवार को चंडीगढ़ में भारत में ऑस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर फिलिप ग्रीन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में हरियाणा और ऑस्ट्रेलिया के बीच शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट, इनोवेशन, कृषि, ग्रीन एनर्जी, खेल, टूरिज्म, निवेश तथा युवाओं को वैश्विक अवसर उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत और व्यापक रणनीतिक साझेदारी है। दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, तकनीक, इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और लोगों के बीच संपर्क लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में हरियाणा के लिए ऑस्ट्रेलिया के साथ राज्य स्तर पर सहयोग को और मजबूत करने की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते संबंधों का लाभ हरियाणा के युवाओं, विद्यार्थियों, किसानों, उद्यमियों और उद्योगों तक पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा, स्किल, रिसर्च, इनोवेशन और नई तकनीकों के क्षेत्र में सहयोग से हरियाणा के विकास को नई गति दी जा सकती है। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव अजय कुमार, विदेश सहयोग विभाग में मुख्यमंत्री के सलाहकार पवन चौधरी, विदेश सहयोग विभाग की संयुक्त निदेशक हिना बिंदलिश सहित ऑस्ट्रेलिया-इंडिया बिजनेस काउंसिल से जुड़े प्रतिनिधि एवं प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान हरियाणा और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देने तथा दोनों पक्षों के बीच बिजनेस-टू-बिजनेस सहयोग को और अधिक मजबूत करने के संबंध में भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में हरियाणा की यूनिवर्सिटीज और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों एवं रिसर्च संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, कृषि, इंजीनियरिंग, क्लीन एनर्जी और पब्लिक पॉलिसी जैसे क्षेत्रों में संयुक्त रिसर्च, स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज तथा संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और रिसर्च के क्षेत्र में तेजी से विस्तार हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों और रिसर्च संस्थानों की विशेषज्ञता का लाभ लेकर हरियाणा में इनोवेशन, रिसर्च और इंडस्ट्री-एकेडमिया पार्टनरशिप को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने हरियाणा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रिसर्च एवं इनोवेशन हब तथा नई तकनीकों से जुड़े प्रशिक्षण केंद्र विकसित करने में ऑस्ट्रेलिया के सहयोग की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

कृषि क्षेत्र में तकनीकी सहयोग की संभावनाएं

बैठक में कृषि के क्षेत्र में हरियाणा और ऑस्ट्रेलिया की विशेषज्ञता को जोड़ने पर भी चर्चा हुई। प्रिसिजन एग्रीकल्चर, पानी की बचत वाली खेती, क्लाइमेट रेजिलिएंट एग्रीकल्चर, मिट्टी की सेहत, फार्म मैकेनाइजेशन, डेयरी टेक्नोलॉजी, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड चेन और एग्री इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं को रेखांकित किया गया।

ग्रीन हाइड्रोजन और क्लीन एनर्जी में सहयोग

ग्रीन हाइड्रोजन, सोलर एनर्जी, बैटरी स्टोरेज, रिन्यूएबल एनर्जी, वेस्ट-टू-एनर्जी और सर्कुलर इकोनॉमी जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। हरियाणा की औद्योगिक क्षमता और ऑस्ट्रेलिया की तकनीकी विशेषज्ञता को साथ लाकर क्लीन एनर्जी और भविष्य की ऊर्जा जरूरतों के क्षेत्र में नई परियोजनाएं विकसित करने की संभावनाओं पर विचार किया गया।

हरियाणा में खेलों को मिलेगा एकीकृत डिजिटल मंच, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने दिए निर्देश

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा में खेल गतिविधियों को अधिक संगठित, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने खेलों के लिए एकीकृत डिजिटल मंच तैयार करने का निर्णय लिया है। इसके तहत राज्य खेल पोर्टल स्थापित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के खेल ढांचे, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, प्रतियोगिताओं और उपलब्धियों से संबंधित जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध होगी। यह निर्णय मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य खेल प्रशासनिक समिति की पहली बैठक में लिया गया। बैठक में प्रदेश में उपलब्ध खेल सुविधाओं के अधिकतम उपयोग, खेल प्रतिभाओं की पहचान एवं विकास तथा खेल गतिविधियों के बेहतर समन्वय को लेकर व्यापक चर्चा की गई। खेल सुविधाओं की होगी व्यापक मैपिंग मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्यभर में उपलब्ध खेल सुविधाओं की व्यापक मैपिंग करने पर जोर दिया। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम पंचायतों, शहरी स्थानीय निकायों, विश्वविद्यालयों और विभिन्न विभागों के अधीन उपलब्ध खेल मैदानों एवं अन्य सुविधाओं का डेटा तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा खेल सुविधाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। संस्थागत समय के बाद स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों और शहरी निकायों की खेल सुविधाएं मान्यता प्राप्त खिलाड़ियों और खेल क्लबों के लिए उपलब्ध कराई जा सकती हैं। खेल पोर्टल पर खेल परिसंपत्तियों, प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण शिविरों, प्रशिक्षकों, खेल उपकरणों, खिलाड़ियों और उनकी उपलब्धियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। सभी संबंधित विभागों, बोर्डों और निगमों को नोडल अधिकारी नामित कर पोर्टल पर नियमित रूप से डेटा अपडेट करने के निर्देश दिए जाएंगे। खेल सुविधाओं की मैपिंग से उन क्षेत्रों और जिलों की पहचान भी की जा सकेगी, जहां खेल संसाधनों की कमी है। इसके आधार पर भविष्य में खेल बुनियादी ढांचे के विकास की योजनाएं अधिक वैज्ञानिक और आवश्यकता आधारित तरीके से तैयार की जा सकेंगी। बैठक में प्रदेश के लिए साझा राज्य खेल कैलेंडर तैयार करने का भी निर्णय लिया गया। इससे विभिन्न विभागों और संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं की तारीखों में टकराव कम होगा तथा खिलाड़ियों और संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके साथ ही जमीनी स्तर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए टैलेंट-पाथवे फ्रेमवर्क विकसित किया जाएगा। स्कूल और पंचायत स्तर से प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें जिला एवं राज्य स्तर के प्रशिक्षण केंद्रों से जोड़ा जाएगा।

गुलज़ार सिंह जिंदगी की जंग हार गए, हरपाल सिंह चीमा पर हत्या का मामला दर्ज कर तुरंत बर्खास्त किया जाए: अमरीक सिंह हैप्पी

डेली आवाज भारती



चमकौर साहिब, (संदीप अकालगढ़िया): दिड़बा विधानसभा क्षेत्र के गांव तूर वणजारा निवासी बुजुर्ग गुलज़ार सिंह की दुखद मौत को लेकर अमरीक सिंह हैप्पी, हलका चमकौर साहिब ने आम आदमी पार्टी सरकार और कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा पर तीखा हमला बोला है। प्रेस बयान जारी करते हुए अमरीक सिंह हैप्पी ने कहा कि गुलज़ार सिंह बीमारी के कारण नहीं, बल्कि कथित सरकारी धक्केशाही और राजनीतिक दबाव के कारण जिंदगी की जंग हारे हैं। उन्होंने कहा कि गुलज़ार सिंह का कथित तौर पर इतना ही कसूर था कि वह अपने नशेड़ी बेटे की जान बचाने और इलाके में खुलेआम बिक रहे नशे (चिट्टे) के खिलाफ शिकायत करने के लिए मंत्री हरपाल सिंह चीमा के कार्यक्रम में पहुंचे थे। हैप्पी ने आरोप लगाया कि 'बदलाव' का नारा देने वाली सरकार के मंत्री ने इंसाफ दिलाने की बजाय बुजुर्ग व्यक्ति पर माफी मांगने के लिए अत्यधिक मानसिक दबाव बनाया। उन्होंने कहा कि कथित बेइज्जती और धमकियों से परेशान होकर बुजुर्ग ने कोई जहरीली वस्तु निगल ली, जिसके बाद लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में उनकी मौत हो गई। अमरीक सिंह हैप्पी ने पुलिस और प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा के खिलाफ तुरंत धारा 302 (हत्या) तथा आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मामला दर्ज किया जाए। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री भगवंत मान हरपाल सिंह चीमा को तुरंत कैबिनेट से हटाएं, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कथित आरोपी ड्रग तस्करों और दबाव बनाने वाले नेताओं के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की मांग की। हैप्पी ने चेतावनी दी कि आज पंजाब में नशे के खिलाफ आवाज उठाना भी जानलेवा हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि पंजाब पुलिस द्वारा मंत्री हरपाल सिंह चीमा के खिलाफ मामला दर्ज नहीं किया गया तो वे पूरे पंजाब में जोरदार विरोध प्रदर्शन करेंगे और इस मामले को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।

डीसी मोहाली और विधायक डेराबस्सी ने 'खेलां वतन पंजाब दियां सीजन 4' का शेड्यूल किया जारी

● ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं 12 सितंबर से ● पहली बार टेनिस बॉल क्रिकेट को किया गया शामिल

डेली आवाज भारती



मोहाली, भार्गव गोयल। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती कोमल मित्तल और विधायक डेराबस्सी स. कुलजीत सिंह रंधावा ने आज जिला प्रशासनिक कॉम्प्लेक्स, साहिबजादा अजीत सिंह नगर में मीडिया ब्रीफिंग के दौरान जिले में 'खेलां वतन पंजाब दियांड्डसीजन 4' के मुकाबलों का शेड्यूल जारी किया। जारी शेड्यूल के अनुसार ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताएं 12 से 14 सितंबर, जिला स्तर की प्रतियोगिताएं 20 से 30 सितंबर तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं 10 अक्टूबर से 23 नवंबर तक आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तर पर चार पैरा-स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि 'खेलां वतन पंजाब दियां' के इतिहास में पहली बार टेनिस बॉल क्रिकेट को प्रतियोगिताओं में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला और राज्य स्तर पर टेनिस बॉल क्रिकेट में लड़कियों की टीमें भी भाग ले सकेंगी।

विधायक डेराबस्सी स. कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि भगवंत सिंह मान सरकार ने 'खेलां वतन पंजाब दियां' के माध्यम से पंजाब के युवाओं को खेलों से जोड़ने तथा उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान किया है, जिससे युवाओं को नशे से दूर रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा 3100 ग्रामीण खेल मैदान विकसित करने की महत्वपूर्ण पहल की गई है, जिनमें से लगभग 1000 खेल मैदान पंजाब के युवाओं को समर्पित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन ग्रामीण खेल स्टेडियमों में फ्लड लाइट्स सहित आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे राज्य में खेल विकास के एक नए युग की शुरुआत होगी।

ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल

डेराबस्सी ब्लॉक : एथलेटिक्स, फुटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं सरकारी कॉलेज डेराबस्सी में, कबड्डी और खो-खो स्पोर्ट्स स्टेडियम लालडू में तथा टेनिस बॉल क्रिकेट सुखमनी इंटरनेशनल स्कूल डेराबस्सी में आयोजित की जाएगी।

माजरी ब्लॉक : एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी के मुकाबले स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिंहपुरा रोड, कुराली तथा मुख्यमंत्री खेल मैदान झिंग । में आयोजित किए जाएंगे। खो-खो खालसा स्कूल कुराली में और टेनिस बॉल क्रिकेट चकवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुराली में आयोजित होगी।

मोहाली ब्लॉक : एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताएं शहीद मेजर हरमिंदर पाल सिंह सरकारी कॉलेज, फेज-6, मोहाली में आयोजित की जाएंगी। वॉलीबॉल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-63 तथा मुख्यमंत्री खेल मैदान मानक माजरा में, जबकि टेनिस बॉल क्रिकेट यदविंदरा पब्लिक स्कूल, मोहाली में आयोजित होगी।

खरड़ ब्लॉक : एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिताएं शहीद काशी राम कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन, भागोमाजरा में आयोजित की जाएंगी। वॉलीबॉल मुख्यमंत्री खेल मैदान कालेवाल में आयोजित होगी, जबकि टेनिस बॉल क्रिकेट खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरड़ में करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर 8, जिला स्तर पर 29 और राज्य स्तर पर 38 खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तर पर एथलेटिक्स, बैडमिंटन, पावरलिफ्टिंग और व्हीलचेयर बास्केटबॉल सहित चार पैरा-स्पोर्ट्स प्रतियोगिताएं भी शामिल हैं। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि अंडर-14 से लेकर 70+ आयु वर्ग तक के खिलाड़ी और खेल प्रेमी इन प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं।

नानक देव विश्वविद्यालय में 'ज्ञान अमृत' श्रृंखला के तहत व्याख्यान-सह-प्रदर्शन

डेली आवाज भारती

अमृतसर। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के दृश्य एवं प्रदर्शन कला विभाग में 'ज्ञान अमृत' श्रृंखला के तहत सारंगी वादन पर व्याख्यान-सह-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उप-कुलपति प्रोफेसर करमजीत सिंह के कुशल नेतृत्व में जीजेसीईआई द्वारा आरयूएसए 2.0 के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उस्ताद गुलाम अली खान थे। वे सोनीपत एवं पानीपत घराने के उस्ताद वजीर हुसैन खान के शिष्य हैं। वे हिंदुस्तानी शास्त्रीय एवं उप-शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध सारंगी वादक हैं। उन्होंने शास्त्रीय संगीत के साथ-साथ गुरमत संगीत, गजल गायन और फिल्म संगीत में सारंगी वादन की विशिष्ट भूमिका निभाई है। उन्होंने अनेक प्रसिद्ध कलाकारों के साथ संगतकार के रूप में तथा एकल सारंगी वादक के रूप में भी प्रस्तुतियां दी हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. अमनदीप सिंह, निदेशक, युवा कल्याण तथा प्रो. अंजली मेहरा सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विभाग के शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।

उस्ताद गुलाम अली खान ने व्याख्यान-सह-प्रदर्शन के दो सत्र आयोजित किए। पहले सत्र में उन्होंने हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की राग परंपरा के अंतर्गत सोनीपत-पानीपत घराने के प्रसिद्ध खलीफा मियां बादल खान साहिब की राग नट भैरव और पटदीप में पारंपरिक बंदिशों की प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को इन बंदिशों का प्रशिक्षण भी दिया। दूसरे सत्र में शास्त्रीय संगीत, गुरमत संगीत, उप-शास्त्रीय संगीत और फिल्म संगीत में सारंगी वादन के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। इसमें सारंगी के विभिन्न संगीतात्मक एवं प्रयोगात्मक पक्षों पर सैद्धांतिक चर्चा के साथ व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। इससे विद्यार्थियों को विभिन्न संगीत विधाओं में सारंगी की बहुआयामी अभिव्यक्ति तथा इसकी विभिन्न वादन शैलियों को समझने का अवसर मिला।

प्रस्तुतियों के दौरान विभाग के शिक्षक गुनवीर सिंह ने तबले पर उस्ताद गुलाम अली खान के साथ संगत की। कार्यक्रम का संचालन विभाग के विद्यार्थी योगेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. राजेश शर्मा ने मुख्य वक्ता उस्ताद गुलाम अली खान, विशिष्ट अतिथियों, विभाग के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की तथा कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के व्याख्यान एवं कार्यशालाएं आयोजित की जाती रहेंगी।

इस अवसर पर डॉ. राजेश शर्मा, विभागाध्यक्ष; उस्ताद गुलाम अली खान, मुख्य वक्ता; प्रो. डॉ. अमनदीप सिंह, निदेशक, युवा कल्याण; प्रो. अंजली मेहरा तथा विभाग के शिक्षक डॉ. शुप्रीत सिंह, डॉ. प्रियंका, डॉ. रामनदीप कौर, डॉ. हरमीत सिंह, सिद्धार्थ चटर्जी, डॉ. गीतू बाला, गौरव कोहली, गगन वडाली, गुनवीर सिंह, हरविंदर बीर कौर, हरसिमरन सिंह, गुरमान सिंह और सिमरन कौर उपस्थित थे। पीएचडी शोधार्थियों सतनाम सिंह, हसंदीप सिंह, कृष्ण, मनदीप सिंह और मनजीत कौर के अलावा एम.ए. गायन, एम.ए. वाद्य, एम.पी.ए. वाद्य तथा गुरमत संगीत के विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में एआई प्रोजेक्ट्स की बारीकियों पर विशेषज्ञ व्याख्यान

छात्रों ने समझा डेटा से वास्तविक समाधान तक एआई प्रोजेक्ट का सफर

डेली आवाज भारती

अमृतसर। गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी विभाग की ओर से गोल्डन जुबली सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड इनोवेशन (जीजेसीईआई) के सहयोग से ÷फॉम डेटा टू डिप्लॉयमेंट- मास्टरिंग द एआई प्रोजेक्ट लाइफसाइकिल÷ विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व और इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. हरदीप कौर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. पवनीदीप कौर, एसोसिएट प्रोफेसर और इंजीनियर मनजीत संधू, सहायक प्रोफेसर ने किया। कार्यक्रम में प्रो. रविंदर सिंह साहनी, प्रो. शालिनी बहल और प्रो. रविंदर कुमार सहित वरिष्ठ शिक्षक, अन्य शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे। विशेषज्ञ व्याख्यान कोडराइडहब प्राइवेट लिमिटेड और देवरश इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं निदेशक श्री देवाशीष कुमार ने दिया। उन्होंने दो सत्रों में विद्यार्थियों को एआई प्रोजेक्ट के विभिन्न चरणों की व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने डेटा तैयार करने, मॉडल विकसित करने और उसकी जांच से लेकर एआई मॉडल को वास्तविक जीवन की जरूरतों के अनुसार लागू करने तक की पूरी प्रक्रिया को उदाहरणों के साथ समझाया। श्री देवाशीष कुमार ने कहा कि किसी एआई प्रोजेक्ट की सफलता केवल मॉडल तैयार करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे प्रभावी ढंग से लागू करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने एआई प्रोजेक्ट्स के विकास और क्रियान्वयन में उद्योग जगत में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, व्यावहारिक चुनौतियों और प्रभावी कार्यप्रणाली पर भी जानकारी साझा की। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को यह समझने में मदद मिली कि एआई से जुड़े सैद्धांतिक ज्ञान को वास्तविक समस्याओं के समाधान में किस तरह बदला जा सकता है।

सवाल-जवाब में विद्यार्थियों ने पूछे एआई से जुड़े सवाल

सवाल-जवाब सत्र में विद्यार्थियों ने एआई प्रोजेक्ट्स के विकास, मॉडल की रूपरेखा, उसकी तैनाती और वास्तविक जीवन में उपयोग से जुड़े सवाल पूछे। विशेषज्ञ के साथ हुई बातचीत के दौरान विद्यार्थियों को उद्योग की जरूरतों और एआई प्रोजेक्ट्स को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जरूरी कौशलों की व्यावहारिक जानकारी मिली।

सेवा संकल्प अभियान को सेवा और नवाचार से जोड़कर युवाओं के विचारों को मिलेगा मंच : डॉ. अरविंद शर्मा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। प्रदेश के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' को केवल कार्यक्रमों तक सीमित न रखकर सेवा, नवाचार और परिणाम से जोड़ा जाएगा। अभियान के तहत उद्योग एवं वाणिज्य विभाग से जुड़े नेशनल इनोवेशन चैलेंजेज के माध्यम से प्रदेश के युवाओं, स्टार्टअप्स और नए विचार रखने वालों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया जाएगा। डॉ. अरविंद शर्मा ने बुधवार को चंडीगढ़ में 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर उद्योग एवं वाणिज्य तथा एमएसएमई विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि एक विशेष वेबसाइट लॉन्च की जाए, जिसके माध्यम से हरियाणा के सभी जिलों से युवाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार करने वालों के इनोवेटिव आइडिया आमंत्रित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्राप्त विचारों में से प्रत्येक जिले के सर्वश्रेष्ठ इनोवेटिव आइडिया का चयन कर उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ एवं व्यावहारिक विचारों का चयन कर उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया जाए। सरकार का प्रयास है कि प्रतिभाशाली युवाओं के विचार केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रहें, बल्कि उपयोगी विचारों को वास्तविक स्वरूप देने के लिए आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाए। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में सेवा को हमेशा सर्वोपरि रखा है। उनका स्पष्ट संदेश रहा है कि शासन और राजनीति का वास्तविक उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। प्रधानमंत्री के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आज करोड़ों देशवासियों का सामूहिक संकल्प बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

ओएसडी लिंधिया के दौरे में मीडिया से दूरी क्यों? नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

घंटों इंतजार के बाद भी पत्रकारों को ओएसडी से नहीं मिलने दिया गया; पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर नगर परिषद पर सवाल

डेली आवाज भारती



ज़ीरकपुर,भार्गव गोयल। ज़ीरकपुर नगर परिषद में उस समय सवाल खड़े हो गए, जब अंडर-ट्रेनिंग ढ्ढस् कम ह्रस्ठ लिंधिया नगर परिषद क्षेत्र में डंप और सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचीं, लेकिन मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को उनसे बातचीत करने का अवसर नहीं मिल सका। पत्रकारों का आरोप है कि घंटों इंतजार करने और बार-बार अनुरोध करने के बावजूद उन्हें ह्रस्ठ तक पहुंचने नहीं दिया गया। मीडिया कर्मियों के मुताबिक, वे नगर परिषद कार्यालय में काफी समय तक मौजूद रहे और ह्रस्ठ से शहर की सफाई व्यवस्था, डंप, कूड़ा प्रबंधन तथा नगर परिषद के कामकाज से जुड़े सवाल पूछना चाहते थे। हालांकि, उन्हें अधिकारी से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। इस दौरान नगर परिषद के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर परविंदर भट्टी की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। मामला इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है क्योंकि ह्रस्ठ का दौरा नगर परिषद की सफाई व्यवस्था और डंप से जुड़े इंतजामों का निरीक्षण करने के लिए था। ऐसे में शहर की समस्याओं को लगातार प्रमुखता से उठाने वाले मीडिया को अधिकारी से बातचीत का अवसर नहीं मिलना कई सवाल खड़े करता है।

क्या मीडिया के सवालों से बचने की कोशिश थी?

मीडिया कर्मियों का कहना है कि यदि नगर परिषद की व्यवस्थाएं और कामकाज पूरी तरह पारदर्शी हैं, तो फिर पत्रकारों को ह्रस्ठ से मिलने से रोकने की आवश्यकता क्यों पड़ी? क्या मीडिया के सवालों से अधिकारी को अवगत कराने में किसी को आपत्ति थी, या फिर नगर परिषद से जुड़े कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें अधिकारी के सामने उठने से रोकने की कोशिश की गई?

हालांकि, इस संबंध में नगर परिषद के अधिकारियों की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट सार्वजनिक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। इसलिए मीडिया को ह्रस्ठ से दूर रखने के पीछे वास्तविक कारण क्या था, यह अधिकारियों के स्पष्टीकरण के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

नगर परिषद की कार्यशैली पर फिर उठे सवाल

गौरतलब है कि ज़ीरकपुर नगर परिषद पहले भी शहर की सफाई व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन, सड़क, पानी और अन्य नागरिक सुविधाओं को लेकर सवालों के घेरे में रही है। ऐसे में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मीडिया की पहुंच सीमित रहने से नगर परिषद की कार्यशैली और प्रशासनिक पारदर्शिता को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब सवाल यह है कि जब ह्रस्ठ शहर की जमीनी हकीकत जानने पहुंची थीं, तो क्या मीडिया के सवाल भी उस जमीनी हकीकत का हिस्सा नहीं थे? यदि नगर परिषद प्रशासन को किसी तरह की आपत्ति या सुरक्षा संबंधी कारण थे, तो क्या इसकी जानकारी मीडिया को स्पष्ट रूप से दी गई थी?

मामले में अब लोगों और मीडिया की नजर नगर परिषद प्रशासन के स्पष्टीकरण पर है कि आखिर ह्रस्ठ के दौरे के दौरान पत्रकारों को उनसे मिलने से क्यों रोका गया और इसके लिए जिम्मेदारी किसकी थी।

CMYK

page 3_Layout 1 09-09-2026 18:43 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ वीरवार, 10 सितंबर 2026

पंजाब बचाओ रैली आज गांव पलहेड़ी, न्यू चंडीगढ़ में, सुखबीर सिंह बादल करेंगे संबोधित

डेली आवाज भारती



न्यू चंडीगढ़, (संदीप अकालगढ़िया): शिरोमणि अकाली दल द्वारा पंजाब के अहम मुद्दों को लेकर आयोजित की जा रही 'पंजाब बचाओ' रैली आज 10 सितंबर को गांव पलहेड़ी, न्यू चंडीगढ़ में आयोजित की जा रही है। इस संबंध में जानकारी शिरोमणि अकाली दल के नेता रविंदर सिंह खेड़ा द्वारा दी गई। रविंदर सिंह खेड़ा ने बताया कि रैली में शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल आज सुबह 11 बजे पहुंचकर विशाल जनसमूह को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि रैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह पाया जा रहा है तथा रैली की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब के अधिकारों, राज्य के हितों और लोगों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर यह रैली महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग रैली में शामिल होने के लिए पहुंच रहे हैं। रविंदर सिंह खेड़ा ने समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और आम जनता से अपील की कि आज सुबह समय पर गांव पलहेड़ी, न्यू चंडीगढ़ में पहुंचने की कृपा करें, ताकि रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी लोगों से परिवार सहित बड़ी संख्या में पहुंचकर 'पंजाब बचाओ' रैली को सफल बनाने की अपील की।

पंजाब के विकास, सुरक्षा और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा



डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया)। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता जत्थेदार चरणजीत सिंह कालेवाल ने पंजाब के विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर केंद्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह से विशेष मुलाकात की। इस दौरान पंजाब के लोगों से जुड़े विभिन्न मसलों, प्रदेश के विकास, युवाओं के भविष्य, सीमावर्ती सुरक्षा तथा जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के दौरान पंजाब के सामने मौजूद मौजूदा चुनौतियों तथा उनके समाधान के लिए केंद्र सरकार की ओर से और अधिक प्रभावी सहयोग की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। जत्थेदार कालेवाल ने पंजाब से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दे केंद्रीय रक्षा मंत्री के समक्ष रखे। श्री राजनाथ सिंह ने पंजाब से जुड़े मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने प्रदेश से संबंधित विषयों पर सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करने का आश्वासन भी दिया। मुलाकात के बाद जत्थेदार चरणजीत सिंह कालेवाल ने कहा कि ÷पंजाब के हितों की आवाज को मजबूती से उठाना और लोगों के मसलों का समाधान करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर पंजाब राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष सुरिंदर कल्याण ने की सुनवाई

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया: पंजाब राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष श्री सुरिंदर कल्याण ने आज नगर परिषद खरड़ के सफाई कर्मचारियों को पेश आ रही विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद खरड़ श्री अशोक पथारिया तथा सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत बैठक की। इस अवसर पर सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों के अलावा संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष सुरिंदर कल्याण ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कर्मचारियों को पेश आ रही समस्याओं तथा उनकी जायज मांगों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द समाधान किया जाए। उपाध्यक्ष ने सफाई कर्मचारियों को साबुन, तेल तथा वर्दियां उपलब्ध करवाने से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कर्मचारियों को पेश आ रही समस्याओं का समाधान करवाना आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी कर्मचारी के साथ धक्केशाही या शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी सफाई कर्मचारी अपनी समस्या को लेकर बिना किसी झिझक के आयोग से संपर्क कर सकता है। आयोग द्वारा उनकी समस्याओं का नियमानुसार समाधान करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद खरड़ श्री अशोक पथारिया ने विश्वास दिलाया कि उपाध्यक्ष द्वारा जारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाएगी तथा सफाई कर्मचारियों की जायज समस्याओं का संभव समाधान किया जाएगा। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि पंजाब सरकार की हिदायतों के अनुसार ठेके से नियमित तथा आउटसोर्स कर्मचारियों को ठेके पर लाए जाने संबंधी सफाई कर्मचारियों की सूचियां सरकार को भेज दी गई हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद खरड़ में करीब 414 सफाई सेवक एवं सैनिटरी वर्कर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने पर भी विचार किया जाएगा।

नशा करते हुए पुलिस ने नशा करने वाले सामान सहित 1 को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी में नशा कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए दाना मंडी गेट नंबर 2 के नजदीक से लवकेश कुमार पुत्र अशोक कुमार वासी वाल्मीकि मुहल्ला गुरुहरसहाय को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 लाईटर, 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, एक 10 रुपए का नोट बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में लवकेश कुमार पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 युवाओं के लिए प्रतिभा

नेतृत्व और नए विचारों को राष्ट्रीय मंच देने का सुनहरा अवसर: डिप्टी डायरेक्टर

डेली आवाज भारती



संगरूर। डिप्टी डायरेक्टर, माय भारत संगरूर राहुल सैनी ने जिले के युवाओं को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वी.बी.वाई.एल.डी.)-2027 में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और नए विचारों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करती है।

उन्होंने योग्य युवाओं से माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर वी. बी. वाई. एल. डी. क्विज में भाग लेने की अपील की। न्होंने बताया कि युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा वी.बी.वाई.एल.डी.-2027 युवाओं की सोच और क्षमता को देश के विकास से जोड़ने वाला मंच है। इसके माध्यम से युवाओं को 'विकसित भारत ञ2047' के निर्माण के लिए अपने विचार और सुझाव सामने रखने का अवसर मिलेगा। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि 17 अगस्त 2026 को 15 से 29 वर्ष की आयु वाले युवा इसमें भाग लेने के पात्र हैं। वी.बी.वाई.एल.डी.-2027 के तहत छह प्रमुख ट्रैक–विकसित भारत चैलेंज, कल्चरल ट्रैक, डिजाइन फॉर भारत, हैक फॉर सोशल कॉज, यूथ एंटरप्रेन्योर्स चैलेंज और यूथ पार्लियामेंट–शामिल हैं। इनके माध्यम से युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और विचारशील क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष वी. बी. वाई. एल. डी.-2026 में देशभर से 50 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया था, जो इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रति युवाओं के उत्साह को दर्शाता है। उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, एन. एस. एस./ एन. सी. सी. इकाइयों, युवा क्लबों, शिक्षकों और अभिभावकों से भी अपील की कि योग्य युवाओं तक वी.बी.वाई.एल.डी.-2027 संबंधी जानकारी पहुंचाई जाए और उन्हें पंजीकरण करवाकर इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाए।

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने निगम अधिकारियों के साथ मीटिंग करके क्षेत्र के विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाने के दिए दिशा निर्देश

डेली आवाज भारती



अमृतसर। सलोनी नेहा गिल)केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने आज नगर निगम अधिकारियों के साथ मीटिंग करके क्षेत्र के विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक महीने निगम के अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग की जाती है। उसी के चलते आज अधिकारियों को लोगों को आ रही समस्याओं से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि विशेष कर क्षेत्र के जिन इलाकों में सीवरेज की समस्या आ रही है, उसे पहल के आधार पर हल करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि हल्के में इस वक्त जो विकास कार्य चल रहे हैं, उसे भी जल्द पूरा करवाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। विधायक डॉ गुप्ता ने बताया कि रंगला पंजाब- 3 के अंतर्गत केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में 5 करोड़ रूपयो के विकास कार्य करवाए जाने हैं। उन्होंने बताया कि इन विकास कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि लगभग एक करोड रुपए के सिविल के विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। जिसमें केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में पे ते पार्कों का सौंदर्य करण करवाया जाएगा। इसके साथ-साथ युवा वर्ग के लिए ढाब खटीका जनाना अस्पताल के साथ प्लेग्राउंड और जिम का निर्माण कार्य शुरू करवाया जा रहा है।

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि लगभग 3 करोड़ रूपयो की लागत से हल्के में ओ एंड एम विंग के विकास कार्य आने वाले एक सप्ताह के भीतर शुरू करवा दिए जाएंगे। जिससे जिन क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी की कमी और सीवरेज संबंधी जो भी समस्या आ रही है उसको दूर कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र में पड़ती तीन पंचायतो में पंजाब सरकार की रंगला पंजाब -3 के अंतर्गत एक करो रुपए की लागत से विकास कार्य शुरू करवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर हरप्रीत सिंह, एक्सियन मनजीत सिंह, एसडीओ गुरप्रीत सिंह, एसडीओ अशोक कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

खेलां वतन पंजाब दियां-2026 का सीजन चौथा

खेलां वतन पंजाब दियां में जिले के अधिक से अधिक खिलाड़ी भाग लें: डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर

डेली आवाज भारती



संगरूर। खेलां वतन पंजाब दियां-2026 के चौथे सीजन के संबंध में डिप्टी कमिश्नर संगरूर श्रीमती पूनमदीप कौर और विधायक संगरूर श्रीमती नरिंदर कौर भराज द्वारा आज यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खेलों के प्रबंधों, विभिन्न स्तरों पर होने वाली प्रतियोगिताओं और खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की गई।

डिप्टी कमिश्नर पूनमदीप कौर ने जिले के खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेलां वतन पंजाब दियां-2026 में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा खेलों को जमीनी स्तर तक ले जाने और युवाओं सहित हर आयु वर्ग के लोगों को खेलों से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों के कारण इन खेलों को भरपूर समर्थन मिल रहा है। इस बार इन खेलों में 10 लाख तक की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इन खेलों में भाग लेने के लिए खिलाड़ी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से पंजीकरण करवा सकते हैं। ऑफलाइन पंजीकरण के लिए जिला खेल अधिकारी के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। विधायक नरिंदर कौर भराज ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा वर्ष 2022 में शुरू की गई खेलां वतन पंजाब दियां ने पंजाब में खेल संस्कृति को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि इन खेलों में अब तक पांच लाख तक खिलाड़ी भाग ले चुके हैं और इस बार 10 लाख तक भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि ये खेल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने, प्रतियोगिता का अनुभव हासिल करने और आगे बढ़ने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि खेलां वतन पंजाब दियां-2026 के तहत 9 आयु वर्गों में 38 खेल, 1 प्रदर्शनी खेल (टेनिस बॉल क्रिकेट) और 4 पैरा स्पोर्ट्स खेलों की प्रतियोगिताएं ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही हैं। लड़कों और लड़कियों की प्रतियोगिताएं अलग-अलग आयोजित की जाएंगी। विजेता खिलाड़ियों को 12 करोड़ रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि के साथ ग्रेडेशन प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। आयु वर्गों में अंडर-14, अंडर-17, अंडर-21, 21-30 वर्ष, 31-40 वर्ष, 41-50 वर्ष, 51-60 वर्ष, 61-70 वर्ष और 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर 7 खेलों की प्रतियोगिताएं शुरू हो चुकी हैं, जो 18 सितंबर तक चलेंगी। इनमें एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी (नेशनल स्टाइल), कबड्डी (सर्कल स्टाइल), फुटबॉल, वॉलीबॉल (स्पैशिंग) और वॉलीबॉल (शूटिंग) शामिल हैं। 20 से 30 सितंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। ब्लॉक स्तर की 7 खेलों के विजेताओं के अलावा 21 खेलों की प्रतियोगिताएं सीधे जिला स्तर पर होंगी। इस प्रकार जिला स्तर पर कुल 28 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

बिजली कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान और वित्त मंत्री हरपाल चीमा के कर्मचारी-पेंशनर विरोधी रवैये का किया विरोध

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा कर्मचारियों और पेंशनरों के प्रति अपनाए जा रहे कथित विरोधी रवैये के खिलाफ पंजाब कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त समन्वय समिति के आह्वान पर 8 सितंबर को पंजाब सिविल सचिवालय एवं जिला सचिवालय के कर्मचारियों द्वारा कलम छोड़ हड़ताल की गई। इसके समर्थन में पंजाब भर के कर्मचारियों और पेंशनरों द्वारा जिला स्तर पर रोष प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में बिजली कर्मचारियों और पेंशनरों की विभिन्न जत्थेबंदियों–पीएसईबी एम्प्लाइज ज्वाइंट फोरम, बिजली कर्मचारी एकता मंच पंजाब, एसोसिएशन ऑफ जूनियर इंजीनियर्स, ग्रिड सब-स्टेशन एम्प्लाइज यूनियन, मुलाजिम यूनाइटेड ऑर्गेनाइजेशन, पावरकॉम एवं ट्रांसको पेंशनर्स यूनियन तथा पेंशन वेलफेयर फेडरेशन–की ओर से भी पंजाब सचिवालय कर्मचारियों के समर्थन में पूरे पंजाब में रोष प्रदर्शन किए गए। आंदोलन की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए संचालन मंडल कुराली एवं खरड़ के कर्मचारियों द्वारा उपमंडल कुराली में संयुक्त रूप से रोष रैली आयोजित की गई। रैली के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ रोष जताते हुए अपनी मांगों और समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। रोष रैली में खरड़ मंडल के प्रधान रणवीर सिंह, कुराली मंडल की सचिव नवदीप कौर, उपमंडल मोरिंडा के प्रधान तरनजीत सिंह, कैशियर रिशभ चिगल, नवदीप राणा, एमएसयू से साथी दिलप्रीत सिंह सहित बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी एवं पेंशनर उपस्थित रहे।

पंजाब के हालात बिगड़ रहे हैं, लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह फेल: डॉ. राज कुमार वेरका

- ड्रग्स खुलेआम बिक रहे हैं, बुजुर्ग युवाओं की लाशें कंधों पर ढो रहे हैं: वेरका

डेली आवाज भारती



अमृतसर: कांग्रेस पार्टी के वर्किंग प्रेसिडेंट डॉ. राज कुमार वेरका ने पंजाब में मौजूदा लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति और ड्रग्स की समस्या को लेकर पंजाब सरकार पर तीखा हमला किया है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब में हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं और सरकार लोगों को सुरक्षित माहौल देने में पूरी तरह फेल रही है। डॉ. वेरका ने कहा कि राज्य में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। लोगों से फिरौती मांगी जा रही है, धमकी भरे कॉल किए जा रहे हैं और हत्या जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में गुंडागर्दी और बदमाशी का बोलबाला बढ़ रहा है, जिससे आम लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ड्रग्स के मुद्दे पर बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि पंजाब में ड्रग्स धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं और इसका खामियाजा युवा पीढ़ी को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स की वजह से कई परिवार अपने जवान बेटों को खो रहे हैं और बुजुर्ग माता-पिता अपने बच्चों की लाशें अपने कंधों पर ढोने को मजबूर हो रहे हैं। डॉ. वेरका ने कहा कि पंजाब के हालात पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चिंता सिर्फ एक राजनीतिक बयान नहीं है, बल्कि पूरे पंजाब की चिंता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई नेता राज्य में बढ़ते ड्रग्स, क्राइम और गुंडागर्दी पर सवाल उठाता है, तो सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधा और कहा कि सवाल पूछने वालों को जवाब देने के बजाय सरकार को अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। वेरका ने कहा कि अगर सरकार हालात नहीं संभाल पा रही है, तो मुख्यमंत्री को इस्तीफा देकर जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

'आप' सरकार ने पंजाब को वित्तीय संकट की ओर धकेला: कालेवाल

डेली आवाज भारती



कुराली, (संदीप अकालगढ़िया)। गांव ननहेड़ियां में युवा नेता सुखजिंदर सिंह सुखा की ओर से गांववासियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं एसजीपीसी सदस्य जत्थेदार चरणजीत सिंह कालेवाल ने विशेष रूप से शिरकत की। बैठक के दौरान कालेवाल ने पंजाब की मौजूदा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्थिति को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा निशाना साधा। कालेवाल ने कहा कि पंजाब के कई सरकारी विभागों की वित्तीय स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। परिवहन सहित कई सरकारी संस्थान घाटे से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा वित्तीय अनुशासन, जवाबदेही और विकास केंद्रित शासन की बात करती आई है, लेकिन पंजाब में मौजूदा सरकार की ओर से सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली में सुधार करने तथा आय के स्रोत मजबूत करने की दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए जा रहे। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार पंजाब की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि दूसरी ओर सरकारी विभागों के घाटे, कर्मचारियों की समस्याएं और बुनियादी ढांचे की खराब स्थिति सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार की गलत नीतियों और कमजोर वित्तीय प्रबंधन के कारण पंजाब गंभीर वित्तीय संकट की ओर बढ़ रहा है। कालेवाल ने कहा कि पंजाब को मजबूत अर्थव्यवस्था, पारदर्शी प्रशासन और जवाबदेह सरकार की जरूरत है, न कि केवल घोषणाओं और विज्ञापनों की। भाजपा की सोच स्पष्ट है कि जनता के पैसे का पारदर्शी और जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल हो, सरकारी संस्थानों को मजबूत बनाया जाए तथा पंजाब में रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा किए जाएं। उन्होंने कहा कि पंजाब को राजनीतिक नारों की नहीं, बल्कि मजबूत आर्थिक नीति, वित्तीय अनुशासन, जवाबदेह प्रशासन और टिकाऊ विकास की जरूरत है। कालेवाल ने कहा कि भाजपा पंजाब के हितों के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी और प्रदेश के लोगों के पैसे तथा अधिकारों के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने पंजाब सरकार से मांग की कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति की स्पष्ट तस्वीर जनता के सामने रखी जाए तथा सरकारी विभागों के घाटे को दूर करने, कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने और पंजाब के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस मौके पर नंबरदार करनैल सिंह, राजिंदर सिंह राजी, प्रितपाल सिंह, गुरदीप सिंह, दिलवाग सिंह, जशनदीप सिंह, तेजेश्वर सिंह, शेर सिंह, सुखमन सिंह, दर्शन सिंह, सिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, जगदीप सिंह, प्यारा सिंह, रतनपाल सिंह, हंस, इंद्रप्रीत सिंह, प्रधान जगविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह लखनौर और अमन नंगल सहित अन्य गांववासी उपस्थित रहे।

page 4_Layout 1 09-09-2026 20:31 Page 1

कोठे सरां में फिर ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी, लोगों ने किया विरोध

पहली बार 340 लीटर तेल चोरी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, 7 सितंबर को चोर मोटर केबल भी ले गए

डेली आवाज भारती







हंडियाया, (राकेश जेठी): हंडियाया के कोठे सरां में पिछले कुछ दिनों से बिजली के ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे इलाके के लोगों में भारी विरोध है। लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं पर समय पर ठोस कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए कोठे सरां के दविंदर सिंह ग्रेवाल ने बताया कि 27 अगस्त 2026 की रात को कोठे सरां में तीन बिजली के ट्रांसफॉर्मर से तेल चोरी हो गया था। उनके मुताबिक, इन तीनों ट्रांसफॉर्मर से करीब 340 लीटर तेल चोरी हुआ था, जिसकी मार्केट कीमत करीब 68 हजार रुपये है। इस घटना के बारे में बिजली बोर्ड बरनाला में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। दविंदर सिंह ग्रेवाल ने कहा कि पहली चोरी को काफी समय बीत जाने के बावजूद इस चोरी की घटना में शामिल लोगों के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इसी बीच, 4 सितंबर, 2026 को चोरों ने फिर उन्हीं तीन ट्रांसफॉर्मर को निशाना बनाया और उनसे तेल चुरा लिया। दूसरी बार चोरी हुए तेल की कीमत भी करीब 68 हजार रुपये बताई जा रही है। एक ही जगह पर एक ही तरह की चोरी की घटना दोबारा होने से कोठे सरां के लोगों में पुलिस और प्रशासन की कारगुजारी के खिलाफ गुस्सा है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने 27 अगस्त को पहली तेल चोरी के बाद सही कार्रवाई की होती, तो शायद चोरों की उसी जगह पर दूसरी बार चोरी करने की हिम्मत नहीं होती। लोगों का आरोप है कि पहली घटना के बावजूद चोर पकड़े नहीं गए, जिससे उनके हौसले और बढ़ गए और उन्होंने उन्हीं ट्रांसफॉर्मर को दोबारा निशाना बनाया। इसके अलावा, 7 सितंबर, 2026 को कोठे सरां के तहखानों के पीछे खेतों में लगी मोटर की केबल वायर भी चोरी हो गई। लगातार हो रही इन चोरियों की वजह से इलाके के लोग अपने खेतों, बिजली के सामान और दूसरी प्रॉपर्टी की सुरक्षा को लेकर परेशान हो गए हैं। कोठे सरां के रहने वालों ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए चोरी की घटनाओं की पूरी जांच की जाए, चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और इलाके में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, ताकि लोगों में पैदा हुआ डर खत्म हो सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस मौके पर गुरप्रीत सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरदयाल सिंह, रविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, रूपिंदर सिंह और कोठे सरां के दूसरे रहने वाले भी मौजूद थे।

जीरा एवं मक्खू पुलिस ने 10 ग्राम हैरोइन के साथ 3 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर, सिटी एवं थाना मक्खू की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 10 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्तियों पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी देते हुए थाना सदर जीरा के एएसआई गगनप्रीत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान गांव कस्सोआना के नजदीक से मनदीप सिंह पुत्र गुरचरन सिंह वासी वकीलां वाला को गिरफ्ता करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन, थाना सिटी जीरा के एस.आई सतवंत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शाह वाला रोड जीरा के नजदीक से जतिन सिंह पुत्र अमरीक सिंह वासी बस्ती शमशदीन जीरा को शक के अधार पर गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन और थाना मक्खू के मक्खू के एएसआई जगदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर जोबनजीत शर्मा पुत्र वेसनु दास वासी बस्ती वसावा सिंह मक्खू को शक को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे सतवंत सिंह, गगनप्रीत सिंह व जगदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन अमृतसर द्वारा एडवांस्ड डेंटल इम्प्लांट प्रोस्थोडॉन्टिक्स संबंधी सीडीई कार्यक्रम आयोजित

- आईडीए अमृतसर द्वारा एडवांस्ड डेंटल इम्प्लांट प्रोस्थोडॉन्टिक्स संबंधी सीडीई कार्यक्रम आयोजित

डेली आवाज भारती



अमृतसर, सलोनी नेहा गिल : इंडियन डेंटल एसोसिएशन (IDA), अमृतसर शाखा द्वारा डेंटल इम्प्लांट प्रोस्थेसिस से संबंधित आधुनिक अवधारणाओं और व्यावहारिक दृष्टिकोण पर केंद्रित एक और कंटीन्यूइंग डेंटल एजुकेशन (CDE) कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध दंत विशेषज्ञ डॉ. गौरव खेमारिया ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और "Zero to Full Arch: Practical, Predictable Prosthodontic Strategies for Every Clinician" विषय पर विस्तृत एवं क्लिनिकल दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। डॉ. खेमारिया ने उपचार की योजना, प्रोस्थोडॉन्टिक प्रोटोकॉल, क्लिनिकल निर्णय लेने की प्रक्रिया तथा इम्प्लांट-सपोर्टेड रेस्टोरेशन के लिए विश्वसनीय तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने एक दांत की रिहैबिलिटेशन से लेकर जटिल फुल-आर्च मामलों तक के उपचार संबंधी व्यावहारिक सुझाव दिए। उनके व्यावहारिक एवं साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण ने सत्र को इसमें भाग लेने वाले डेंटिस्टों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और रोचक बनाया। इस ष्ठष्ठश्च कार्यक्रम ने क्लिनिकल विशेषज्ञों को अपने ज्ञान को अपडेट करने तथा सैद्धांतिक जानकारी को रोजमर्रा की इम्प्लांट डेंटिस्ट्री में व्यावहारिक रूप से लागू करने के बीच के अंतर को पाटने का बेहतर अवसर प्रदान किया।यह कार्यक्रम IDA अमृतसर के अध्यक्ष डॉ. कमलदीप शर्मा और सचिव डॉ. नितिन वर्मा के गतिशील नेतृत्व में आयोजित किया गया। एसोसिएशन के सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी और सहयोग दिया। आयोजकों ने डॉ. गौरव खेमारिया का अपनी विशेषज्ञता साझा करने तथा दंत चिकित्सकों के अकादमिक ज्ञान में वृद्धि करने के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। CDE कार्यक्रम में डेंटल क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह भागीदारी IDA अमृतसर की अकादमिक उत्कृष्टता, पेशेवर विकास तथा डेंटल क्लिनिशियनों को आधुनिक दंत चिकित्सा में हो रही नवीनतम प्रगति से अवगत करवाने के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। IDA अमृतसर ने दंत विशेषज्ञों के लिए नियमित रूप से ऐसे अकादमिक मंच उपलब्ध करवाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि डेंटल पेशेवरों को ज्ञान, आत्मविश्वास और क्लिनिकल रूप से उपयोगी कौशल से और अधिक सशक्त बनाया जा सके। हिंदी को अधिक स्वाभाविक और सरल बनाएं

303.2 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाले सामान सहित पुलिस ने 9 को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार लोगों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत दर्ज किए मामलें

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों पर कार्रवाई करने के लिए चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलो में कार्रवाई करते हुए 9 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 303.2 ग्राम हेरोइन एवं नशा करने वाला सामान बरामद किया है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों पर एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत थाना कुलगड़ी, थाना तसवंडी भाई, थाना मल्लांवाला, थाना सिटी, थाना सदर एवं थाना छावनी फिरोजपुर, थाना आरफके एवं थाना ममदोट में मामलें दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना कुलगड़ी के एएसआई जगमीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर प्रिंस पुत्र जिंदू पुत्र राज वासी नई कालोनी गांव आले नई कालोनी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 267 ग्राम हेरोइन व मोबाईल फोन, इसी थाने के एएसआई अमनदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान फिरोजपुर-मोगा रोड के सर्कट हाऊस के नजदीक से प्रितपाल उर्फ प्रीत भट्टी पुत्र महिन्द्रपाल वासी गांव झोक हरिहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 15.77 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर अजय कुमार पुत्र विजय कुमार वासी भीम वाली गली अजीत नगर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 10 रुपए का नोट, 1 लाईटर, थाना आरफके के एएसआई कर्मदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर विशाल उर्फ सागर पुत्र महिन्द्र वासी गली नंबर 1 नजदीक खालसा डेयरी बस्ती शेखां वाली फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3.45 ग्राम हेरोइन, थाना ममदोट के एएसआई सतिन्द्रपाल सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान हेरोइन का नशा करते हुए अमनदीप सिंह उर्फ अमन पुत्र खरैत वासी वार्ड नंबर 5 ममदोट गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन लगी सिल्वर पन्नी, लाईटर और पाईपनुमा कागज, थाना सदर फिरोजपुर के ए.एस.आई सेवक सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शक के अधार पर नानक सिंह पुत्र गुरचरन सिंह वासी मल्होत्रा ऐक्सरे वाली गली रठोड़ा वाला मुहल्ला फिरोजपुर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4 ग्राम हेरोइन, थाना सिटी फिरोजपुर की एस.आई खुशविन्द्र कौर ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान संजू पुत्र अजय वासी बगदादी गेट पुरानी सब्जी मंडी फिरोजपुर शहर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन, थाना छावनी फिरोजपुर के एस.आई सुखबीर सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर जतिन्द्र कुमार पुत्र अशोक कुमार वासी भट्ठे वाली गली चुंगी नंबर 8 प्रताप नगर को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 4.86 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एएसआ गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान आसफ वाला रोड से शक के अधार पर करनवीर सिंह पुत्र प्रगट सिंह वासी मलूवालिए वाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हैरोइन बरामद की है।

'खेल वतन पंजाब दियां-2026' सीजन-4 के तहत जिला फिरोज़पुर में ब्लॉक स्तर के खेल मुकाबले जारी

ए.डी.सी ने खिलाड़ियों को अधिक से अधिक संख्या में खेलों में भाग लेने की अपील की,खिलाड़ी मौके पर भी करा सकते हैं रजिस्ट्रेशन

डेली आवाज भारती



फिरोज़पुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार के खेल विभाग द्वारा 'खेल वतन पंजाब दियां-2026' सीजन-4 के तहत जिला प्रशासन फिरोज़पुर के सहयोग से जिला फिरोज़पुर के विभिन्न ब्लॉकों में ब्लॉक स्तर की खेल प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। इस संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान जानकारी देते हुए अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (विकास) कृष्ण पाल राजपूत ने बताया कि जिले में 7 सितंबर से ब्लॉक स्तर की खेलों की शुरुआत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर की खेलों में स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी जिला स्तर की खेलों में भाग ले सकेंगे, जो 21 से 26 सितंबर तक करवाई जाएंगी। कृष्ण पाल राजपूत ने आगे बताया कि इन ब्लॉक स्तर की खेलों के दौरान खो-खो, फुटबॉल, कबड्डी (सर्कल), एथलेटिक्स, वॉलीबॉल (स्मैशिंग), वॉलीबॉल (शूटिंग) के मुकाबले करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ब्लॉक गुरुहरसहाय के आयु वर्ग 14, 17, 21 (लड़कियां/लडक़े) के मुकाबले 10 से 11 सितंबर 2026 तक और आयु वर्ग 21-30, 31-40, 41-50, 51-60, 61-70 तथा 70 वर्ष से ऊपर के पुरुष/महिला वर्गों में खेल मुकाबले 12 सितंबर 2026 को श्री गुरु रामदास खेल स्टेडियम गुरुहरसहाय में करवाए जाएंगे। इसके ब्लॉक इंचार्ज मलकीत सिंह, एथलेटिक्स कोच हैं और उनका संपर्क नंबर 99159-75600 है। ब्लॉक ज़ीरा के मुकाबले आयु वर्ग 14, 17, 21 (लड़कियां/लडक़े) के लिए 10 से 11 सितंबर 2026 तक और आयु वर्ग 21-30, 31-40, 41-50, 51-60, 61-70 तथा 70 वर्ष से ऊपर के पुरुष/महिला वर्गों में खेल मुकाबले 12 सितंबर 2026 को खेल मैदान, गांव लोहके कलां में होंगे। इसके ब्लॉक इंचार्ज गुरजीत सिंह, हैंडबॉल कोच हैं और उनका संपर्क नंबर 99158-37373 है। इसी तरह ब्लॉक मक्खू के आयु वर्ग 14, 17, 21 (लड़कियां/लडक़े) के मुकाबले 14 से 15 सितंबर 2026 तक और आयु वर्ग 21-30, 31-40, 41-50, 51-60, 61-70 तथा 70 वर्ष से ऊपर के पुरुष/महिला वर्गों के खेल मुकाबले 16 सितंबर 2026 को खेल मैदान, गांव बूते वाला में करवाए जाएंगे। इसके ब्लॉक इंचार्ज गगन माटा तैराकी कोच हैं और उनका संपर्क नंबर- 75084-46001 है।

10 से 29 सितंबर तक जिले में विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे निःशुल्क आयुष मेडिकल कैंप : उपायुक्त

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): उपायुक्त फिरोजपुर दीपशिखा शर्मा के दिशा-निर्देशानुसार जिला निर्देशक आयुर्वेद डा.रमन खन्ना, जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डा.रूपिंदरदीप कौर गिल और जिला होम्योपैथी अधिकारी डा.रूपिंदर कौर के योग्य नेतृत्व में 10 निःशुल्क आयुष मेडिकल कैंप 10 से 29 सितंबर तक जिले में विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे। जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डा.रूपिंदरदीप कौर गिल ने बताया कि इन कैंपों के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी और मुफ्त दवाएं दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि यह आयुष मेडिकल कैंप सुबह 9 बजे से 3 बजे तक निर्धारित स्थानों पर, 10 सितंबर को पहला कैंप शहीद भगत सिंह पार्क तलवंडी भाई, दूसरा कैंप 11 सितंबर को गुरुद्वारा साहिब सुर सिंह वाला में, तीसरा कैंप 12 सितंबर को मोती राम धर्मशाला फिरोजपुर शहर, चौथा कैंप 16 सितंबर को आयुषमान आरोग्य केंद्र चुगत्ते वाला में, पांचवां कैंप 18 सितंबर को बेरियां वाला गुरुद्वारा साहिब जीरा में, छठा कैंप 19 सितंबर को आयुषमान आरोग्य केंद्र यारे शाह वाला, सातवां कैंप 21 सितंबर को गुरुद्वारा साहिब ढेरू में, आठवां कैंप 22 सितंबर को सीएचसी मक्खू, नौवां कैंप 25 सितंबर को गांव मल्लवाल में, दसवां कैंप 29 सितंबर को श्री गुरु नानक देव जी मोदीखाना जीरा में लगाया जाएगा। उन्होंने जिला वासियों से इन मेडिकल कैंपों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

व्यक्ति व उसके परिवार को मारने की नियत से फायरिंग करके की मारपीट

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सदर की पुलिस ने बीते दिन गांव मलेशाह में रंजिशन व्यक्ति व उसके परिवार को मारने की नियत से फायरिंग करन और मारपीट करने के आरोप में 1 व्यक्ति के खिलाफ जानलेवा हमला करने और अन्य धाराओं तहत शिकायतकर्ता के बयान पर मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना जीरा के एएसआई शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में गोबिंद सिंह पुत्र चरन सिंह वासी गांव मलेशाह ने बताया कि बीते दिन दोषी लखवीर सिंह पुत्र गुरमेल सिंह वासी गांव मलेशाह ने उसे व उसके परिवार को मारने की नियत से सिधी फायरिंग की और मारपीट भी की। पीड़ित ने बताया कि एक दिन पहले दोषी के साथ उनका झगड़ा हुआ था, जिसको लेकर दोषी ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मामले की जांच कर रहे शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में लखवीर सिंह पर मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

स्वच्छ अभियान मिशन क्लीन पंजाब के तहत नगर कौंसिल फिरोजपुर द्वारा पार्कों की कराई गई सफाई



स्वच्छ अभियान मिशन क्लीन पंजाब के तहत नगर कौंसिल फिरोजपुर के कर्मचारी पार्कों की सफाई करते हुए।

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन क्लीन पंजाब के तहत डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर दीपशिखा शर्मा और अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर डा.अमनदीप कौर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर कौंसिल फिरोजपुर द्वारा शहर के विभिन्न पार्कों की सफाई कराई गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्य साधक अधिकारी नरेंद्र कुमार और सुपरिंटेंडेंट सैनिटेशन सुखपाल सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि एक विशेष शेड्यूल के अनुसार नगर कौंसिल फिरोजपुर द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों की सफाई कराई जा रही है।

इस अभियान के तहत शहीद भगत सिंह, म्युनिसिपल पार्क माल रोड, कमल शर्मा पार्क, इच्छे वाला रोड आदि पार्कों को पूरी तरह से साफ कराया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सुपरिंटेंडेंट सैनिटेशन सुखपाल सिंह ने बताया कि शहर वासियों से अपील है कि इस विशेष अभियान के तहत नगर कौंसिल फिरोजपुर को अपना सहयोग दें और अपने आस-पास साफ-सफाई बनाए रखें। इस अवसर पर सैनिटरी इंस्पेक्टर रुस्तम शेर सोढी, संबंधित सैनिटरी मेट के अलावा प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर और मोटिवेटर मौजूद थे।

सभाकक्ष रेलवे स्टेशन फिरोजपुर में हिंदी काव्य-पाठ प्रतियोगिता आयोजित



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल में दिनांक 01 से 15 सितंबर तक मनाए जा रहे राजभाषा पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत बुधवार को सभाकक्ष रेलवे स्टेशन फिरोजपुर में हिंदी काव्य-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल के विभिन्न स्टेशनों से आए 13 रेल कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने अपनी स्वरचित कविताओं का पठन किया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों की कविताओं की विषय वस्तु, प्रस्तुति एवं शैली आदि के आधार पर अंक दिए गए। राज कुमार, सहायक वाणिज्य प्रबंधक एवं सुखबीर सिंह, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सुनील वरिष्ठ अनुवादक ने किया। अंत में निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित करते समय सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। इस प्रतियोगिता में अभिलाष छावड़ा वरिष्ठ लिपिक मंडल कार्यालय फिरोजपुर ने प्रथम पुरस्कार, श्रीमती प्रीति कुमार तकनीशियन मंडल कार्यालय फिरोजपुर ने द्वितीय तथा अशोक कुमार तकनीशियन-1, डीजल शेड, लुधियना ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

यात्रियों की सुविधा के लिए लुधियाना-जाखल पैसेंजर (54054 एवं 54053) का जींद तक किया गया विस्तार

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): यात्रियों की सुविधा एवं रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेलवे ने लुधियाना-जाखल पैसेंजर ट्रेन को जींद तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। इस विस्तार के बाद अब लुधियाना से जींद के बीच यात्रियों को सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलेगी और जींद जाने के लिए जाखल में ट्रेन बदलने की जरुरत नहीं होगी। ट्रेन संख्या 54054 का परिचालन 11 सितंबर 2026 से लुधियाना से जींद तक किया जाएगा। यह ट्रेन लुधियाना से शाम 18.30 बजे रवाना होकर रात्रि 23.30 बजे जींद जंक्शन पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 54053 का परिचालन 12 सितंबर 2026 से जींद से लुधियाना तक किया जाएगा। यह ट्रेन जींद से सुबह 03.40 बजे रवाना होकर सुबह 08.30 बजे लुधियाना जंक्शन पहुंचेगी। लुधियाना और जाखल के बीच इन दोनों ट्रेनों की मौजूदा समय-सारिणी में कोई बदलाव नहीं किया गया है। जाखल से जींद के बीच विस्तारित मार्ग पर ट्रेन का ठहराव हिम्मतपुरा, टोहाना, कलवान, धमतान साहिब, धरोदी, नरवाना, घासो, उचाना, गांव बड़ौदा तथा बरसोला स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में होगा। इस विस्तारित सेवा से लुधियाना और जींद के बीच यात्रा करने वाले दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को विशेष सुविधा मिलेगी। अब यात्रियों को जाखल में ट्रेन बदलने की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे न केवल यात्रा सुविधाजनक होगी बल्कि समय की भी बचत होगी। इसके अलावा मध्यवर्ती स्टेशनों के बीच बेहतर रेल संपर्क उपलब्ध होने से क्षेत्र के विभिन्न शहरों एवं कस्बों के बीच यात्री कनेक्टिविटी और बेहतर होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा करने से पहले ट्रेन के नवीनतम समय-सारिणी एवं ठहराव संबंधी जानकारी राष्ट्रीय ट्रेन पूछताछ प्रणाली (एनटीईएस) अथवा रेलवे हेल्पलाइन 139 से अवश्य प्राप्त कर लें।

लायंस क्लब की तरफ से रक्तदान शिविर 12 सितंबर को

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय लायंस क्लब फिरोजपुर बॉर्डर द्वारा जरूरतमंद मरीजों की सहायता के उद्देश्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर शनिवार 12 सितंबर 2026 को होटल आमंत्रण बाजार नंबर 2 फिरोजपुर कैंट में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। क्लब पदाधिकारी लॉयन आशीष अग्रवाल अध्यक्ष, लॉयन गुरप्रीत खरबंदा सचिव, लॉयन अक्षय मानिक, लॉयन एडवोकेट आशीष शर्मा व लॉयन रोहित गर्ग ने बताया कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है और स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने शहर वासियों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वह इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़े र भाग लें और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि किसी अनजान व्यक्ति को जीवन देने का अवसर है। प्रत्येक स्वस्थ एवं योग्य व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। क्लब की ओर से सभी रक्तदाताओं का शिविर में पहुंचकर इस नेक कार्य का हिस्सा बनने के लिए हार्दिक आह्वान किया गया है।

हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल में तीन दिवसीय मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और आयुर्वेदिक उपचार प्रणाली के महत्व के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से 11, 12 और 13 सितंबर 2026 को हार्मनी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल फिरोजपुर में तीन दिवसीय दर्द मुक्त, दवा मुक्त मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप लगाया जा रहा है। यह कैंप अनदेशवरानंद गिरि महाराज के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य लोगों को आयुर्वेद के प्राचीन और प्राकृतिक उपचार सिद्धांतों से जोडऩा, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जागरूकता पैदा करना और एक स्वस्थ समाज के निर्माण की ओर कदम बढ़ाना है। कैंप के दौरान लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में उचित सलाह और आयुर्वेदिक उपचार के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर संस्था की ओर से लोगों को अपनी जीवनशैली, खान-पान और दैनिक स्वास्थ्य आदतों पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयुर्वेद में रोकथाम, प्राकृतिक जीवनशैली और स्वस्थ आदतों को दिए जाने वाले महत्व के बारे में भी लोगों को अवगत कराया जाएगा। इस दौरान धर्मपाल बांसल ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य कैंप समाज के हर वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी जन कल्याण और स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित ऐसे कैंप विभिन्न स्थानों पर लगाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधकों की ओर से क्षेत्र के लोगों से अपील की गई कि वह इस तीन दिवसीय कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आयुर्वेदिक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जानकारी प्राप्त करें। संस्था के इस प्रयास को एक

page 5_Layout 1 09-09-2026 20:32 Page 1

बरनाला पुलिस ने चोरों के एक गैंग के तीन लोगों को गिरफ्तार किया

- लैपटॉप, एलसीडी समेत अन्य सामान बरामद
- पुलिस ने कहा- आरोपियों के खिलाफ पहले भी कई केस दर्ज

लैपटॉप समेत चोरी का सामान बरामद किया



डेली आवाज भारती

बरनाला, (राकेश जेठी): बरनाला पुलिस ने चोरों के एक गैंग का भंडाफोड़ करने और तीन युवकों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी बरनाला शहर और आस-पास के गांवों में चोरी की मोटरसाइकिलों पर सवार होकर रात में दुकानों और घरों को निशाना बनाते थे। इस बारे में जानकारी देते हुए संजीव गोयल PPS सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस (In) बरनाला और बलजीत सिंह, इंचार्ज CI स्टाफ बरनाला ने मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बताया कि 7 सितंबर, 2026 को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हरदीप सिंह उर्फ दीप, बेटे राजिंदर सिंह, उम्र करीब 31 साल, जसप्रीत सिंह उर्फ जस, बेटे जरनैल सिंह, उम्र करीब 27 साल और गुरप्रीत सिंह उर्फ बिल्ला, बेटे बूटा सिंह, निवासी बरनाला को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने एक गैंग बना रखा था और वे रात में चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर वारदात करते थे। बरनाला शहर के अलावा, आस-पास के गांवों में मौजूद दुकानों और घरों को भी वे निशाना बनाते थे। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के कब्जे से या उनकी पहचान पर चोरी का सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस द्वारा की गई बरामदगी में एक डेल लैपटॉप, एक HP लैपटॉप, एक LCD ब्रांड माइक्रोसॉफ्ट 32 इंच, एक ग्रैंडर AC केल्विनेटर, रंग सफेद शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, बरामद सामान की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि ये सामान किन घटनाओं के दौरान चोरी किया गया था। इस बारे में, पुलिस के डॉक्यूमेंट में कहा गया है कि केस नंबर 75 तारीख 07-09-2026 को सेक्शन 331(4), 305 और 112 BNS के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों में जसप्रीत सिंह उर्फ जस के खिलाफ पहले भी कई केस दर्ज हैं। डॉक्यूमेंट में उसके खिलाफ दर्ज पुराने केस में केस नंबर 98 तारीख 08-03-2022 सेक्शन 457, 380, DDR नंबर 51 तारीख 24-10-2022 सेक्शन 109, 151 और इसके अलावा केस नंबर 143 तारीख 14-11-2022 सेक्शन 379, 411 और DDR नंबर 3 तारीख 16-02-2023 सेक्शन 109, 151 का जिक्र किया गया है।

युवा सेवाएं विभाग द्वारा राज्य स्तरीय रेड रन मैराथन-2026 का आयोजन

23 जिलों के 138 युवाओं ने 5 किलोमीटर रेड रन मैराथन में लिया भाग

- नशों से दूर रहने और एचआईवी संबंधी जागरूकता फैलाना रहा मुख्य उद्देश्य



डेली आवाज भारती

खरड़, (संदीप अकालगढ़िया): युवा सेवाएं विभाग द्वारा पंजाब स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के सहयोग से आज चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, घड़ूंआं में राज्य स्तरीय 5 किलोमीटर रेड रन मैराथन-2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पंजाब के 23 जिलों से 138 लड़के एवं लड़कियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसमें शामिल युवा जिला स्तर पर आयोजित रेड रिबन क्लब प्रतियोगिताओं के विजेता रहे।

रेड रन मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना तथा एचआईवी संबंधी जागरूकता पैदा करना था। इस अवसर पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. एस.एस. सहगल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। लड़कों के वर्ग में गुरभिंदर सिंह ने प्रथम स्थान हासिल किया। बिक्रम सिंह दूसरे, दिलबर सिंह तीसरे तथा आकाश प्रजापति चौथे स्थान पर रहे। लड़कियों के वर्ग में मनदीप कौर ने प्रथम स्थान हासिल किया। राजविंदर कौर दूसरे, महकप्रीत कौर तीसरे तथा गगनदीप कौर चौथे स्थान पर रहीं। विजेता युवाओं को डिप्टी डायरेक्टर श्री कुलविंदर सिंह तथा सहायक डायरेक्टर श्रीमती रुपिंदर कौर द्वारा पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पंजाब स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की अधिकारी श्रीमती गुरप्रीत कौर द्वारा विजेताओं के लिए 50,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि भी जारी की गई। विभाग की ओर से बताया गया कि राज्य स्तरीय मैराथन में प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल करने वाले लड़के एवं लड़कियों को अगले महीने आयोजित होने वाली नेशनल रेड रन मैराथन में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा जाएगा। समारोह के अंत में कार्यक्रम के प्रबंधक श्री गुरचेत सिंह, प्रोग्राम ऑफिसर, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, घड़ूंआं को भी सम्मानित किया गया।

जिला कानूनी सेवा अथॉरिटी द्वारा सरकारी स्कूल गट्टी राजोके में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी नई दिल्ली द्वारा एक मेगा ड्राइव चलाई गई है, जिसका उद्देश्य नालसा की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुंचाना है। मालूम हो कि यह अभियान 24.08.2026 से 31.10.2026 तक चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत गांव गट्टी राजोके के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को नशीले पदार्थों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मैडम अनुराधा चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट-कम-सचिव जिला कानूनी सेवा अथॉरिटी फिरोजपुर और एडवोकेट सभा यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें नशीले पदार्थों से बचने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जज साहिबा द्वारा स्कूल में खोले गए लीगल एड क्लीनिक का भी दौरा किया गया और पैरा लीगल वालंटियरों के रजिस्टर की जांच की गई। पैरा लीगल वालंटियरों को निर्देश दिए गए कि वह नालसा की योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें और यदि किसी की समस्या किसी अन्य विभाग से संबंधित है तो उस संबंध में आवेदन प्राप्त करके कार्यालय में अवश्य भेजें, ताकि संबंधित व्यक्ति को कानून के अनुसार मिलने वाली योजना का लाभ दिलाया जा सके। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के लैंडलाइन नंबर और टोल फ्री नंबर 15100 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

केन्द्रीय जेल में तलाशी दौरान 10 मोबाईल, 7 नशीले कैप्सूल व 1 डाटा केबल बरामद

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): केन्द्रीय जेल फिरोजपुर में बीते दिन जेल अधिकारियों व कर्मचारियों ने जेल में चलाए तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद हवालातियों से मोबाईल फोन, नशीले कैप्सूल और डाटा केबल बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के सुपरिटेंडेंट के बयान पर जेल में बंद 10 हवालातियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी फिरोजपुर के एस.आई सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में केन्द्रीय जेल फिरोजपुर के सुपरिटेंडेंट ने बताया कि उन्होंने बीते दिन जेल में चलाई तलाशी अभियान के दौरान जेल में बंद हवालाती संदीप सिंह पुत्र पिपल सिंह वासी चांदी वाला, अकाश उर्फ छोटू पुत्र तरसेम वासी अमृतसर, गुरदीप सिंह पुत्र कृपाल सिंह, करन कुमार पुत्र राज कुमार, सुमित पुत्र गब्बर, अरुण उर्फ सर्बजीत सिंह, दीपक उर्फ दीपा पुत्र बब्बू वासी गांव खाईफेमेके, दीपक कुमार पुत्र मोहन वासी गुरदासपुर, भूवनेश पुत्र हरमेश वासी जम्मू व हवालाती राजीव कुमार पुत्र ब्रह्म कुमार वासी खाईफमेकी से तलाशी के दौरान 6 टच स्क्रीन मोबाइल फोन, 3 कीपैड मोबाइल फोन, 7 नशीले कैप्सूल व 1 डाटा केबल बरामद की है। मामले की जांच कर रहे सुखदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में सभी दोषियों पर मामला दर्ज करके अघामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

संटेक सिटी मामले में पूर्व मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ईडी के सामने पेश

- मोहाली प्रोजेक्ट में कथित अनियमितताओं की मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से जांच

डेली आवाज भारती

जालंधर। मोहाली के संटेक सिटी प्रोजेक्ट में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में पंजाब के पूर्व मुख्य सचिव अनुराग वर्मा बुधवार को जालंधर स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जोनल कार्यालय में पेश हुए। ईडी इस मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से कर रही है। अनुराग वर्मा करीब 11:08 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे। उनके हाथ में दस्तावेजों से भरी एक फाइल थी। उन्हें इससे पहले 31 अगस्त को पेश होने के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने उस दिन पेशी के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया था। इसके बाद उन्हें 7 सितंबर को पेश होने के लिए नए समन जारी किए गए, जिसे बाद में बुधवार के लिए पुनर्निर्धारित किया गया। इसी मामले में आईएएस अधिकारी कंवल प्रीत बराड़ को भी ईडी ने दो बार समन जारी कर पूछताछ की थी। उन्हें 18 और 27 अगस्त को बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान संटेक सिटी हाउसिंग प्रोजेक्ट में चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू) और लेआउट में किए गए बदलावों को मंजूरी दिए जाने से संबंधित जानकारी ली गई थी। ईडी की जांच में अधिकारियों की भूमिका और प्रोजेक्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं की पड़ताल की जा रही है। संबंधित अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने किसी नियम का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी और न ही किसी बिल्डर को अनुचित लाभ पहुंचाया। इसी मामले में ईडी ने मोहाली के एसएसपी वरुण शर्मा को भी 10 सितंबर को जालंधर स्थित ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए समन जारी किया है। जांच एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार, जुलाई से अब तक एसएसपी को पांच बार ईमेल भेजकर संटेक सिटी प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण से पहले किसानों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में जानकारी मांगी गई थी। ईडी अधिकारियों के मुताबिक, नए आपराधिक मामले दर्ज किए जाने से संबंधित जानकारी नहीं मिलने के कारण एसएसपी को अब व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए बुलाया गया है। मामले में जांच एजेंसी विभिन्न अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों से पूछताछ कर रही है।

वायु प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए बढ़ता खतरा

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अमृतसर और क्लीन एयर पंजाब ने जारी की हेल्थ एडवाइजरी



डेली आवाज भारती

अमृतसर। शहर में वायु प्रदूषण अब केवल सर्दियों की समस्या नहीं रह गया है, बल्कि सालभर स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। इसे देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अमृतसर चैप्टर और क्लीन एयर पंजाब ने लोगों के लिए हेल्थ एडवाइजरी जारी की है। इसमें बच्चों, बुजुर्गों, सांस व हृदय रोगियों, गर्भवती महिलाओं और खुले में काम करने वालों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। यह एडवाइजरी अमृतसर में पिछले कुछ महीनों के दौरान किए गए सामुदायिक और चिकित्सा क्षेत्र के अध्ययन पर आधारित है। इसमें 300 से अधिक लोगों के सर्वेक्षण और जुलाई में आईएमएअमृतसर के साथ हुई बैठक में 50 से अधिक डॉक्टरों की राय को शामिल किया गया। इन निष्कर्षों की तुलना केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वायु गुणवत्ता आंकड़ों से भी की गई।

सर्वेक्षण में 44 प्रतिशत लोगों ने प्रदूषण बढ़ने पर स्वास्थ्य संबंधी लक्षणों में वृद्धि की बात कही। वहीं, 95 प्रतिशत स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने खराब वायु गुणवत्ता के दौरान मरीजों की संख्या बढ़ने की जानकारी दी। 75 प्रतिशत से अधिक डॉक्टरों ने गंभीर प्रदूषण के दौरान आपातकालीन मामलों में वृद्धि बताई। आईएमए अमृतसर की अध्यक्ष डॉ. अमृता राणा ने कहा की इस स्वास्थ्य सलाह का उद्देश्य लोगों को सरल और व्यावहारिक जानकारी देना है, विशेष रूप से उन लोगों के लिए जो प्रदूषण के प्रति अधिक संवेदनशील हैं। असर सोशल इम्पैक्ट एडवाइजर्स की डायरेक्टर (क्लाइमेट एक्शन) सनम सुतीरथ वजीर ने कहा कि वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय या सर्दियों की समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती है। सलाह में व्यायाम या लंबे समय तक बाहर निकलने से पहले एक्यूआई की जांच, धुएं, खुले में कचरा जलाने, भारी यातायात वाले क्षेत्रों और निर्माण कार्य से निकलने वाली धूल से बचने तथा घर के अंदर धूम्रपान न करने की सलाह दी गई है। क्लीन एयर पंजाब की स्टेट हेड गुरप्रीत कौर ने कहा, ÷सलाह का उद्देश्य प्रदूषण बढ़ने पर लोगों को स्पष्ट दिशा-निर्देश देना है। हालांकि, यह प्रदूषण के स्रोतों को नियंत्रित करने के प्रयासों का विकल्प नहीं हो सकती।÷ डॉक्टरों ने प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में 10ङ्क25 प्रतिशत वृद्धि और नेबुलाइजेशन, इनहेलर व ऑक्सीजन सपोर्ट की बढ़ती मांग की जानकारी दी।

चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर 36 दिन का सबसे बड़ा ब्लॉक, 442 ट्रेन ट्रिप रद्द

10 सितंबर से 15 अक्टूबर तक अलग-अलग चरणों में बंद रहेंगी लाइनें और प्लेटफॉर्म; 76 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म भी बदलेंगे

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार से अब तक का सबसे लंबा परिचालन ब्लॉक शुरू होने जा रहा है। रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के तहत 10 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 36 दिनों के दौरान अलग-अलग चरणों में रेलवे लाइनें और प्लेटफॉर्म बंद रखे जाएंगे।

इस दौरान स्टेशन की नई थ्रू-रूफ संरचना तैयार करने और मौजूदा फुट-ओवर ब्रिज (एफओबी) को हटाने का काम किया जाएगा। यह परियोजना रेल लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (आरएलडीए) के तहत चल रही है। अंबाला कैंट के सीनियर डिविजनल ऑपरेशंस मैनेजर की ओर से 2 सितंबर को जारी आदेश के अनुसार ब्लॉक अवधि के दौरान कुल 442 ट्रेन ट्रिप रद्द रहेंगी। स्टेशन पर हाल के वर्षों में एक ही ब्लॉक के कारण रद्द होने वाली यह सबसे बड़ी संख्या बताई जा रही है। रेलवे ने काम को तीन चरणों में बांटा है। पहले चरण में 10 से 21 सितंबर तक लाइन नंबर 6, 7 और 8 प्रभावित रहेंगी। इनमें लाइन नंबर 6 प्लेटफॉर्म नंबर 5 और लाइन नंबर 8 प्लेटफॉर्म नंबर 6 से जुड़ी हैं, जबकि लाइन नंबर 7 नॉन-प्लेटफॉर्म लाइन है। दूसरे चरण में 22 सितंबर से 3 अक्टूबर तक लाइन नंबर 4 और 5 बंद रहेंगी, जिनसे प्लेटफॉर्म नंबर 3 और 4 जुड़े हैं। तीसरे चरण में 4 से 15 अक्टूबर तक लाइन नंबर 1, 2 और 3 प्रभावित रहेंगी। इनमें प्लेटफॉर्म नंबर 2 से जुड़ी लाइनें भी शामिल हैं। ब्लॉक के चलते दिल्ली-कालका, चंडीगढ़-अमृतसर, चंडीगढ़-फिरोजपुर, अंबाला-जालंधर सिटी, अंबाला-दिल्ली और अंबाला-कालका सहित कई सेवाओं की यात्राएं प्रभावित होंगी। इन प्रमुख रूटों पर ही सैकड़ों ट्रिप रद्द या कम की जाएंगी। इसके अलावा ऋषिकेश-चंडीगढ़, अजमेर-चंडीगढ़ और उदयपुर-चंडीगढ़ समेत छह अन्य ट्रेन जोड़ों को निर्धारित दिनों में अंबाला कैंट पर ही समाप्त या वहीं से शुरू किया जाएगा।

जिससे उनकी चंडीगढ़ तक की यात्रा रद्द रहेगी। 3 और 10 अक्टूबर को लुधियाना-अमृतसर की दो ट्रेनों को सरहिंद के रास्ते डायवर्ट किया जाएगा। ये ट्रेनें चंडीगढ़ और मोहाली स्टेशन से होकर नहीं गुजरेंगी। यात्रियों की सुविधा के लिए आठ लंबी दूरी की ट्रेनों को अस्थायी तौर पर एसएएस नगर (मोहाली) स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। इनमें साबरमती-अमृतसर और अमृतसर-देहरादून जैसी ट्रेनें भी शामिल हैं। इसके साथ ही 76 ट्रेनों के निर्धारित प्लेटफॉर्म भी बदले जाएंगे। पहले चरण में 20, दूसरे चरण में 17 और तीसरे चरण में 39 ट्रेनों को दूसरे प्लेटफॉर्म से संचालित किया जाएगा। प्लेटफॉर्म बदलाव से दिल्ली जाने वाली शताब्दी, अजमेर-चंडीगढ़ वंदे भारत और हावड़ा-कालका मेल जैसी प्रमुख ट्रेनें भी प्रभावित होंगी। रेलवे ने आरएलडीए को 36 दिनों की निर्धारित अवधि में ही काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि आगामी त्योहारी और पीक ट्रैवल सीजन को देखते हुए ब्लॉक की अवधि बढ़ाने की गुंजाइश नहीं रखी गई है।

पंजाब में सरकारी कर्मचारियों ने खत्म की हड़ताल, सरकार ने वापस लिए शोकॉज नोटिस

- मुख्य सचिव से बैठक के बाद बनी सहमति, जल्द मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ होगी कर्मचारियों की बैठक

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब में अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे सरकारी कर्मचारियों ने बुधवार को हड़ताल समाप्त करने का फैसला किया। चंडीगढ़ स्थित पंजाब सचिवालय में कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल की मुख्य सचिव केएपी सिन्हा के साथ हुई बैठक के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। बैठक के बाद मुख्य सचिव ने कहा कि कर्मचारी प्रतिनिधियों ने उनसे मुलाकात की और अब हड़ताल आगे नहीं बढ़ाने पर सहमति जताई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों द्वारा हड़ताल वापस लिए जाने के बाद उनके खिलाफ जारी किए गए शोकॉज नोटिस भी वापस ले लिए जाएंगे। कर्मचारियों ने पहले अपनी मांगें पूरी नहीं होने की स्थिति में 11 सितंबर तक सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया था। इससे पहले कर्मचारियों ने केवल 8 सितंबर को हड़ताल करने का ऐलान किया था, लेकिन सरकार और कर्मचारियों के बीच बने गतिरोध के चलते आंदोलन को आगे बढ़ाने का फैसला किया गया था। कर्मचारी संगठनों के अनुसार, 27 अगस्त को हुई हड़ताल के बाद करीब 2,500 कर्मचारियों की गैरहाजिरी को लेकर सरकार की ओर से कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई थी और संबंधित कर्मचारियों को शोकॉज नोटिस जारी किए गए थे। कर्मचारी संगठन लगातार इन नोटिसों को वापस लेने की मांग कर रहे थे। इससे पहले मंगलवार को पंजाब सरकार ने हड़ताल पर गए कर्मचारियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए 'नो वर्क, नो पे' लागू करने और गैरहाजिरी के मामले में विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी थी। बुधवार की बैठक के बाद फिलहाल दोनों पक्षों के बीच विवाद खत्म होता नजर आ रहा है। अब कर्मचारियों की मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ बैठक प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इस बैठक में कर्मचारियों की अन्य लंबित मांगों पर भी चर्चा होगी।

चंडीगढ़ कोर्ट का बड़ा आदेश: गुरप्रीत कौर से जुड़े अप्रमाणित मानहानिकारक कंटेंट पर रोक

5 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत के आरोप का मामला

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़: चंडीगढ़ की एक अदालत ने पंजाब के मुख्यमंत्री की पत्नी गुरप्रीत कौर से जुड़े कथित रिश्वत मांगने के आरोपों को लेकर बड़ा आदेश जारी किया है। अदालत ने रिटायर्ड जस्टिस रणजीत सिंह, शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया और कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा को अगले आदेश तक सोशल मीडिया या किसी अन्य माध्यम से इस मामले से संबंधित अप्रमाणित मानहानिकारक सामग्री प्रकाशित, प्रसारित या साझा करने से अस्थायी रूप से रोक दिया है। यह आदेश सिविल जज, जूनियर डिवीजन, चंडीगढ़ डॉ. प्रिक्षित ने गुरप्रीत कौर की ओर से दायर मानहानि और स्थायी निषेधाज्ञा संबंधी मुकदमे की सुनवाई के दौरान दिया। अदालत ने मामले में सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी करते हुए 30 सितंबर को जवाब देने के लिए कहा है। हालांकि, अदालत ने फिलहाल संबंधित पोस्ट, वीडियो और तस्वीरों को हटाने या डिलीट करने की मांग पर अंतिम आदेश नहीं दिया है। इस मुद्दे पर प्रतिवादियों को सुनने के बाद आगे फैसला किया जाएगा।

गुरप्रीत कौर ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि रिटायर्ड जस्टिस रणजीत सिंह ने 20 अगस्त को एक दुष्कर्म मामले के आरोपी से कथित तौर पर 5 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने से संबंधित आरोप लगाए थे। याचिका के अनुसार, ये आरोप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डीडी न्यूज लाइव के हैंडल से भी पोस्ट किए गए, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। याचिका में यह भी कहा गया कि बिक्रम सिंह मजीठिया ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान गुरप्रीत कौर की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला अभियान चलाया और इससे संबंधित सामग्री एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम तथा यूट्यूब पर साझा की गई। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ता का मामला मजबूत दिखाई देता है। अदालत के अनुसार, प्रतिवादियों की ओर से सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट, वीडियो और तस्वीरें फिलहाल किसी ठोस प्रमाण से पुष्ट होती नजर नहीं आतीं। अदालत ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा के अधिकार के बीच संतुलन जरूरी है। अदालत के मुताबिक, यदि अप्रमाणित आरोपों को सोशल मीडिया पर प्रसारित करने से नहीं रोका गया तो याचिकाकर्ता को ऐसी क्षति हो सकती है जिसकी भरपाई संभव नहीं होगी।

इसी आधार पर अदालत ने अगले आदेश तक गुरप्रीत कौर से संबंधित कथित रिश्वत मांग के मामले में अप्रमाणित मानहानिकारक सामग्री प्रकाशित, प्रसारित या साझा करने पर अस्थायी रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी।

जालंधर में डेयरी संचालकों का अल्टीमेटम, 11 सितंबर से दूध सप्लाई बंद करने की चेतावनी

जालंधर/जतिनः जालंधर के जमशेर डेयरी कॉम्प्लेक्स एसोसिएशन और अन्य डेयरी संचालकों ने बढ़ती महंगाई और पशु चारे की बढ़ती कीमतों को लेकर विरोध जताया है। अब डेयरी संचालकों ने सरकार से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान करने और दूध का उचित मूल्य तय करने की मांग की है। डेयरी संचालकों ने सरकार को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि अगर उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो 11 सितंबर 2026 से दूध की सप्लाई बंद कर दी जाएगी या दूध के दाम में 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जाएगी। डेयरी संचालकों का कहना है कि हरा चारा, सूखा भूसा, खल-बिनौला, पशु आहार और पशुओं की दवाइयों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसके अलावा दूध को शहर और मंडियों तक पहुंचाने का ट्रांसपोर्ट खर्च भी बढ़ गया है। डेयरी संचालकों के मुताबिक, बढ़ती लागत के कारण उन्हें दूध उत्पादन में नुकसान उठाना पड़ रहा है। उनका कहना है कि अगर दूध का उचित दाम नहीं मिला तो उनके पास सप्लाई रोकने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 09-09-2026 16:14 Page 1

आवाज भारती घर परिवार



रिलेशनशिप में किस समय आए पार्टनर के करीब

जरूरत से पहले लगाव देगा नुकसान

कसी भी रिलेशनशिप में भावनात्मक जुड़ाव धीरे-धीरे बढ़ना स्वाभाविक है। शुरुआत में सामने वाला अच्छा लग सकता है और उसकी छोटी-छोटी बातें भी खास महसूस होने लगती हैं। लेकिन बिना एक-दूसरे को अच्छी तरह समझे बहुत जल्दी जरूरत से ज्यादा भावनात्मक रूप से जुड़ जाना कई बार परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे उम्मीदें बढ़ सकती हैं और रिश्ते में छोटी-सी दूरी या असहमति भी ज्यादा तकलीफ देने लगती है। इसलिए पार्टनर के करीब आने से पहले रिश्ते को समय देना और एक-दूसरे की सोच, व्यवहार, प्राथमिकताओं और भविष्य को समझना जरूरी है। भावनात्मक नजदीकी तभी रिश्ते को मजबूत बनाती है, जब उसमें भरोसा, सम्मान और समझदारी हो। जब एक-दूसरे को समझने का समय मिल जाए रिश्ते की शुरुआत में आकर्षण होना सामान्य है, लेकिन केवल आकर्षण को गहरे लगाव का आधार नहीं बनाना चाहिए। पार्टनर के स्वभाव, व्यवहार और सोच को समझने के लिए पर्याप्त समय दें। देखें कि वह गुस्से में कैसा व्यवहार करता है, आपकी बातों का कितना सम्मान करता है और अलग-अलग परिस्थितियों में उसकी सोच कैसी रहती है। कुछ मुलाकातों या बातचीत के बाद ही सामने वाले को पूरी तरह समझ लेने का दावा करना जल्दबाजी हो सकती है। समय के साथ व्यक्ति का वास्तविक व्यवहार ज्यादा स्पष्ट होता है।

जब भरोसा धीरे-धीरे मजबूत होने लगे : भावनात्मक रूप से करीब आने के लिए भरोसा सबसे जरूरी चीजों में से एक है। अगर पार्टनर आपकी बातों को गंभीरता से सुनता है, आपकी सीमाओं का सम्मान करता है और मुश्किल समय में आपके साथ खड़ा रहता है, तो रिश्ते में विश्वास मजबूत हो सकता है। हालांकि भरोसा एक दिन में नहीं बनता। इसे छोटी-छोटी बातों और लगातार अच्छे व्यवहार से समय के साथ बनाया जाता है। इसलिए शुरुआत में अपनी निजी भावनाएं और उम्मीदें पूरी तरह सामने रखने के बजाय रिश्ते को स्वाभाविक गति से आगे बढ़ने दें।

अपनी सीमाओं और पहचान को बनाए रखें : रिलेशनशिप में आने के बाद पूरी तरह पार्टनर पर निर्भर हो जाना सही नहीं है। अपनी पढ़ाई, नौकरी, दोस्तों, परिवार और व्यक्तिगत रुचियों के लिए भी समय निकालें। हर समय पार्टनर



से बात करते रहना या उसकी मौजूदगी को अपनी खुशी का एकमात्र आधार बना लेना भावनात्मक निर्भरता बढ़ा सकता है। स्वस्थ रिश्ता वही है, जिसमें दोनों लोग एक-दूसरे के करीब रहते हुए भी अपनी व्यक्तिगत पहचान और निजी स्पेस बनाए रखते हैं।

बेटियों की जिम्मेदारी, माता-पिता के लिए होती हैं चुनौतियां



बेटियां भगवान का अनमोल उपहार होती हैं, लेकिन अक्सर माता-पिता के रूप में हम उनकी जरूरतों और भावनाओं को सही तरीके से नहीं समझ पाते। यही गलतफहमी हमारे और हमारी बेटियों के बीच दूरी बढ़ा देती है। यह जरूरी है कि हम अपनी बेटियों के साथ एक मजबूत और समझदारी भरा रिश्ता बनाएं, जो न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ाए बल्कि उन्हें जीवन के हर कदम पर हमारे साथ खड़ा महसूस कराए। हर बच्चा अलग होता है, और हर बेटी की अपनी विशिष्ट जरूरतें होती हैं। कभी-कभी, वे अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त नहीं कर पाती, और माता-पिता के रूप में हमें उनके मनोविज्ञान को समझना होता है। उनकी जरूरतें सिर्फ भौतिक चीजों तक सीमित नहीं होतीं; उन्हें भावनात्मक समर्थन, समझ, और सच्चे संवाद की भी आवश्यकता होती है। इन सब चीजों पर आईएएनएस ने एनसीआर में 'होप साइकोलॉजी एंड रिलेशनशिप काउंसलिंग सेंटर' के काउंसलर विवेक वत्स से बातचीत की। विवेक वत्स ने कहा, 'अगर हम बच्चों के विकास की बात करें तो बेटियां स्वाभाविक तौर पर बेटों की तुलना में ज्यादा इमोशनल होती हैं। बेटियों के लिए मां का रोल सोशल डेवलपमेंट को लेकर होता है और पिता लॉजिकली ज्यादा इनपुट डाल पाते हैं। यानी एक बच्ची के व्यक्तित्व का इमोशनल पार्ट मां हैंडल करती है और और प्रैक्टिकल अप्रोच पिता की ओर से आता है। प्रैक्टिकल अप्रोच, यानी रोजमर्रा के जीवन में काम आने वाली स्किल्स, वह पिता की ओर से विकसित कराई जाती है। उन्होंने बेटियों की खासियत और जरूरत के बारे में बताते हुए कहा, 'बेटियां छोटी उम्र से ही 'लव और अटेंशन' चाहती हैं। इस उम्र में भी वह लड़कों से थोड़ी अलग होती हैं। लड़कों के एग्रेसिव खेल की तुलना में बच्चियों के खेल रचनात्मक होते हैं। इस उम्र में लड़कियों के ऊपर सबसे ज्यादा फर्क पारिवारिक माहौल का पड़ता है। क्योंकि इस उम्र में एक बच्ची अपना अधिकतर समय परिवार के अंदर देता है। अगर बच्चे को डरा-धमकाकर रखा जाएगा, उसके साथ ज्यादा टोका-टाकी की जाएगी तो यह बच्चे के विकास को प्रभावित करेगा, उसके आत्मविश्वास का कम करेगा, कुछ भी करने से पहले बच्ची को लगेगा कि शायद में इसको गलत कर रही हूं।

बच्चों का स्क्रीन टाइम बढ़ने की वजह सिर्फ बच्चे नहीं

बच्चों का मीडिया से ज्यादा देर तक जुड़े रहना माता-पिता के लिए चिंता का विषय

आज के समय में बच्चों को स्क्रीन से पूरी तरह दूर रखना माता-पिता के लिए आसान नहीं है। पढ़ाई, मनोरंजन से लेकर कभी-कभी बच्चे को शांत कराने तक, मोबाइल, टीवी या टैबलेट परिवार की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुके हैं। इस बीच फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एफआईयू) की एक नई स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। एफआईयू के सेंटर फॉर चिल्ड्रन एंड फैमिलीज की इस रिसर्च में 4 से 8 साल की उम्र के बच्चों की देखभाल करने वाले 822 लोगों को शामिल किया गया। शोधकर्ताओं ने यह समझने की कोशिश की कि माता-पिता का तनाव बच्चों के स्क्रीन इस्तेमाल से किस तरह जुड़ा हुआ है। स्टडी के नतीजे फैमिली रिलेशन्स जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। रिसर्च में सामने आया कि जिन माता-पिता में भावनात्मक तनाव ज्यादा था, वे बच्चों के स्क्रीन टाइम पर लगातार नियम लागू करने में अपेक्षाकृत कम सक्षम थे। वहीं, जिन माता-पिता को बच्चे के व्यवहार से ज्यादा परेशानी या दबाव महसूस होता था, वे मुश्किल परिस्थितियों में बच्चे को शांत कराने या व्यस्त रखने के लिए स्क्रीन का सहारा ज्यादा लेते थे। स्टडी की प्रमुख लेखिका और एफआईयू की मनोविज्ञान की डॉक्टरेट छात्रा एनिड मोरेरा के मुताबिक, रिसर्च में सबसे महत्वपूर्ण बात यह सामने आई कि बच्चों के मीडिया इस्तेमाल से जुड़े फैसलों पर माता-पिता का अपना तनाव भी असर डालता है। इसलिए बच्चों के साथ-साथ माता-पिता को भी

नई स्टडी में चौंकाने वाला खुलासा



सहयोग देना जरूरी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि हर परिवार से सिर्फ यह कहना कि बच्चे का स्क्रीन टाइम कम कर दीजिए, हमेशा व्यावहारिक समाधान नहीं हो सकता। कई बार माता-पिता के लिए स्क्रीन किसी मुश्किल पल को संभालने का एक आसान जरिया होती है। ऐसे में सवाल यह होना चाहिए कि बच्चा स्क्रीन पर क्या देख रहा है और उसका असर कैसा है। रिसर्चर्स का सुझाव है कि माता-पिता बच्चों की उम्र के हिसाब से ऐसा कंटेंट चुनें, जो उन्हें कुछ सिखाए, उनकी रुचि बढ़ाए और उनके विकास में मदद करे। साथ ही यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि स्क्रीन की वजह से बच्चे की नींद, खेलकूद, परिवार के साथ समय या पढ़ाई प्रभावित न हो। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स भी परिवारों को सिर्फ स्क्रीन के मिनट गिनने के बजाय कंटेंट की गुणवत्ता, रोजमर्रा की दिनचर्या और बच्चे के स्वस्थ विकास पर ध्यान देने की सलाह देती है। विशेषज्ञों ने स्क्रीन इस्तेमाल को समझने के लिए %5 सी ऑफ मीडिया यूज% पर ध्यान देने की भी सलाह दी है। पहला है चाइल्ड, यानी बच्चे की उम्र, स्वभाव और उसकी व्यक्तिगत जरूरतों को समझना। दूसरा है कंटेंट, यानी बच्चे के लिए उसकी उम्र के अनुसार सही, उपयोगी और दिलचस्प कंटेंट चुनना। तीसरा है काम, यानी यह देखना कि बच्चा हर बार परेशान या रोने पर स्क्रीन पर निर्भर तो नहीं हो रहा। चौथा है क्राउडिंग आउट, यानी स्क्रीन के कारण बच्चे की नींद, खेल-कूद, परिवार के साथ समय या दूसरी जरूरी गतिविधियां कम तो नहीं हो रही हैं। पांचवां है कम्युनिकेशन, यानी बच्चे से टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल को लेकर खुलकर बात करना। शोधकर्ताओं का कहना है कि अगर किसी मुश्किल दिन में माता-पिता बच्चे को कुछ देर स्क्रीन दे देते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं कि उन्होंने कोई बड़ी गलती कर दी। असली जरूरत यह है कि ऐसे इस्तेमाल को थोड़ा ज्यादा सोच-समझकर किया जाए। सीनियर रिसर्चर शायला ग्रिफिथ के मुताबिक, जब माता-पिता के पास जरूरी संसाधन और सहयोग होता है, तो वे बच्चों के लिए बेहतर सीमाएं तय कर पाते हैं और उनके साथ ज्यादा सकारात्मक तरीके से जुड़ पाते हैं।

घुंघराले बालों को मुलायम और मजबूत रखता है कंडीशनर

घुंघराले बाल देखने में जितने खूबसूरत लगते हैं, उन्हें संभालना उतना ही मुश्किल हो सकता है। ऐसे बालों का आपस में उलझ जाना और नमी की कमी से रूखे-बेजान हो जाना जैसी समस्याएं लगभग हर घुंघराले बाल वाले शख्स की रोज की परेशानी हैं। घुंघराले बालों को बार-बार कंघी करना या जरूरत से ज्यादा धोना समस्या को और बढ़ा सकता है। अच्छी खबर ये है कि इसके लिए महंगे प्रोडक्ट की जरूरत नहीं है। बस कुछ आसान आदतें बदलनी हैं। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि हर व्यक्ति के बाल अलग होते हैं। इसलिए किसी एक व्यक्ति के लिए सही तरीका दूसरे के लिए भी वैसा ही हो, यह जरूरी नहीं है। सबसे पहले बात बाल धोने की। घुंघराले बालों को हर दिन धोना जरूरी नहीं है। कितनी बार बाल धोने चाहिए, यह सिर की त्वचा में तेल, पसीना, धूल और डैंड्रफ जैसी समस्याओं पर निर्भर करता है। अगर सिर की त्वचा ज्यादा तैलीय नहीं है तो बार-बार शैम्पू करने की जरूरत नहीं प ती। बहुत ज्यादा सफाई करने से बालों में मौजूद प्राकृतिक तेल कम हो सकता है और बाल रूखे महसूस होते हैं। अपने बाल और सिर की त्वचा की जरूरत के हिसाब से शैम्पू करना बेहतर है। शैम्पू लगाते समय एक और बात ध्यान रखें। इसे मुख्य रूप से सिर की त्वचा पर लगाकर सफाई करनी चाहिए। बालों की पूरी लंबाई को जोर-जोर से रगड़ने की जरूरत नहीं होती। शैम्पू का झाग बालों की लंबाई तक पहुंचकर उसे साफ करता है। अगर बाल धोने के बाद बहुत सूखे या उलझे हुए लगते हैं, तो हल्का शैम्पू और अच्छा कंडीशनर मददगार हो सकता है। कंडीशनर घुंघराले बालों के लिए काफी काम की चीज है। कंडीशनर बालों की सतह को चिकना बनाने में मदद करता है। इससे बाल आपस में कम उलझते हैं और कंघी करना आसान होता है। शोध के मुताबिक, कंडीशनर बालों के बीच होने वाली रग को कम करता है, जिससे बालों को सुलझाते समय होने वाले नुकसान भी कम होते हैं। इसलिए शैम्पू के बाद बालों की लंबाई और सिरों पर कंडीशनर लगाना फायदेमंद हो सकता है। बालों को सुखाने का तरीका भी बहुत मायने रखता है। नहाने के बाद तौलिये से बालों को जोर से रगड़ने के बजाय हल्के हाथ से पानी सोखें। गीले बालों को खींचकर कंघी करने से भी बचना चाहिए। घुंघराले बालों में बार-बार खिंचाव और रगड़ से टूटने का खतरा बढ़ता है। बालों को मुलायम रखने के लिए हेयर सीरम या लीव-इन कंडीशनर भी इस्तेमाल किया जा सकता है। खासकर बाल धोने के बाद हल्के गीले बालों पर थोड़ी मात्रा लगाने से बालों की सतह चिकनी महसूस होती है और उलझन कम होती है। लेकिन ज्यादा प्रोडक्ट लगाने से बाल चिपचिपे या भारी दिख सकते हैं, इसलिए थोड़ी मात्रा ही पर्याप्त है।



जरूरी है हमें अपने बुजुर्गों को खुश रखना

बुजुर्गों का अनुभव और आशीर्वाद हमेशा आगे बढ़ने की ओर अग्रसर करता है। हालांकि उनका हर बात में रोकटोक करना आज की पीढ़ी को अखरता है लेकिन ठंडे दिमाग से जब युवा सोचता है तो उसे लगता है उसके दादा या पिता सही थे। बुजुर्गों कभी भी अपने बच्चों से पूरी तरह खुश नहीं रहते हैं। उन्हें ऐसा महसूस होता है कि जितना उन पर ध्यान देने की जरूरत है उतना वे ध्यान दे नहीं पाते हैं। यदि ऐसा महसूस होता है तो जरूरत है आप उनके प्रति अपना व्यवहार बदलें। वैसे कहा गया है कि जैसे-जैसे उम्र ब ती जाती है वैसे-वैसे बुजुर्ग बच्चे बनते चले जाते हैं। ऐसे में आपको अपने बुजुर्गों से ऐसा व्यवहार करने की जरूरत होती है जैसा आप अपने बच्चों के साथ करते हो। आपका अपनापन और प्यार उन्हें सुरक्षित माहौल प्रदान करता है। आपका प्रतिदिन उनके वार्तालाप करना उन्हें इस बात का विश्वास दिलाता है आप उनके प्रति कितने जागरुक और चिंतित हैं। आज हम अपने पाठकों को कुछ ऐसी बातों के बारे में बता रहे हैं जिनकी मदद से आप अपने घर के बुजुर्गों को खुश रख सकते हैं, उनकी तकलीफ को दूर कर सकते हैं। आप उन्हें यह विश्वास दिला सकते हैं कि आप उनके साथ हैं।



व्यक्तिगत समस्याओं पर लें परामर्श : यदि आप किसी परेशानी में हैं और उसे सॉल्व नहीं कर पा रहे हैं तो आप उनसे परामर्श करें। हो सकता है उनका अनुभव आपकी समस्या को दूर करने का उपाय बताए। ऐसा होने पर उन्हें भी विश्वास होगा वे आपके लिए कितने जरूरी हैं। ऐसे में आप उनसे हर तरह का परामर्श लें और ज़रूरी बातें शेयर करें। उनके गुस्से को सहना सीखें। कभी भी उनका विरोध न करें। प्रयास करें आप कोई ऐसी बात या शब्द न बोलें जिससे उन्हें ठेस पहुँचे।

तनाव से रखें दूर : जहां तक संभव हो आप उन्हें हर प्रकार के तनाव से दूर रखें। विशेष रूप से उनके भविष्य को लेकर उनकी चिंता दूर करें। उन्हें इस बात का अहसास करवाएं कि आप उनके साथ हैं। उनके बिना आप कुछ भी नहीं हैं। ब ती उम्र में याददाश्त कमजोर हो जाती है। इंसान भूलने लगता है। बुजुर्ग अपने स्वास्थ्य को लेकर डरा रहता है ऐसे में उनकी इन बातों को दूर करने का प्रयास करें। इससे वे न सिर्फ बेहतर महसूस करेंगे अपितु उनके मन में यह विश्वास बना रहेगा कि आप हर परिस्थिति में उनके साथ हैं।

उनके साथ खाना खाएं : खाने की टेबल वो जगह है जहाँ पूरा परिवार एक साथ एकत्रित होता है। यह वो समय होता है जब आपस में बैठकर एक दूसरे से खुलकर बातचीत की जा सकती है। इस वक्त आप उनसे उनके उत्तराधिकार को लेकर भी बात कर सकते हैं। उन्हें कुछ समझा भी सकते हैं और उनकी सलाह भी ले सकते हैं। इससे रिश्तों में खुलापन आएगा। उन्हें उनके मन के मुताबिक निर्णय लेने दें। कहते हैं एक साथ बैठकर जब पूरा परिवार खाना खाता है तो आपसी प्यार ब ता है। अकेलापन दूर होता है रिश्तों में मिठास आती है। सप्ताह में एक बार उनके साथ बाहर घूमने जाएं, इससे उनका मन खुश होगा। दिमागी तनाव कम होगा।

आपसी झगड़े में आई दरार को साथ बैठकर प्यार से करें खत्म



रिश्तों में बहस होना सामान्य है, लेकिन बहस के बाद उपजा सन्नाटा और असहजता कई बार रिश्ते को अधिक नुकसान पहुंचा देती है। झगड़े के बाद माहौल सामान्य हो जाना जितना जरूरी है, उतना ही मुश्किल भी। अक्सर ऐसा होता है कि बहस तो खत्म हो जाती है, लेकिन दोनों के बीच की खामोशी रिश्ते को और ज़्यादा जटिल बना देती है। कमरे में चुप्पी और असहजता छाई रहती है, तब समझना मुश्किल हो जाता है कि रिश्ता किस मोड़ पर है। यह वो स्थिति होती है जब न कोई पहल करता है, न कोई अपनी भावनाएं व्यक्त करता है, ना कोई आंखों में आंखें डालकर बात करना चाहता है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि हम समझदारी से इस असहज माहौल को खत्म करें और दोबारा आपसी सामंजस्य की ओर बढ़ें। अगर आप भी कभी इस भावनात्मक शून्य में फंसे हैं, तो घबराइए मत—कुछ आसान तरीकों से आप इस सन्नाटे को तोड़कर अपने रिश्ते को फिर से उसी गर्माहट में वापस ला सकते हैं। 1. बहस की नौबत आने से पहले ही समझदारी दिखाएं हर बहस जरूरी नहीं होती। बहुत सी बहसें छोटी बातों पर शुरू होती हैं और बड़ी बन जाती हैं। ऐसे में अगर शुरुआत में ही कोई एक व्यक्ति धैर्य रख ले, तो बात बिगड़ने से बच सकती है। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें, और सामने वाले की बात पूरी सुनें। इससे स्थिति बिगड़ने से पहले ही संभल सकती है।

2. रंजिशों को मन में न पालें : झगड़े के बाद जो असहजता बनी रहती है, उसका बड़ा कारण यह है कि हम मन में पुरानी बातें दोहराते रहते हैं। अगर आप सच में सुलह चाहते हैं, तो मन से उन बातों को जाने देना जरूरी है। यह तय करें कि रिश्ते की शांति 'सही साबित' होने से ज्यादा जरूरी है।

3. हर बात का विश्लेषण करना बंद करें : बहस के बाद कई बार हम सोचते रहते हैं कि किसने क्या कहा, कैसे कहा और क्यों कहा। लेकिन यह आदत आपको उस स्थिति में अटका देती है। अगर विवाद हल हो चुका है, तो बार-बार उस पर सोचने की जगह अब सामान्य जीवन में लौटने की कोशिश करें।

4. स्पर्श और स्नेह से भावनात्मक दूरी घटाएं : कभी-कभी शब्द नाकाफी होते हैं और एक गले लगाना या हल्का स्पर्श रिश्ते को फिर से जोड़ देता है। यह संकेत देता है कि आप अब आगे बढ़ना चाहते हैं। इससे न सिर्फ गलतफहमी दूर होती है, बल्कि दोबारा एक दूसरे के करीब आने का रास्ता भी खुलता है।



CMYK

page 7_Layout 1 09-09-2026 15:47 Page 1

उत्तराखंड वन विभाग में बड़ा बवंडर

आईपीआर छिपाने वाले आईएफएस अधिकारी को सर्वोच्च पद से नवाजे जाने पर कानूनी नोटिस

सीबीआई जांच की मांग

डेली आवाज भारती

देहरादून। उत्तराखंड वन विभाग में नियमों को ताक पर रखकर शीर्ष पदों पर रेवड़ियाँ बांटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विभाग के वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी रंजन कुमार मिश्रा की लेवल-17 (एपेक्स स्केल) पर हुई पदोन्नति को लेकर प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। आईएफएस अधिकारी संजीव चतुर्वेदी की ओर से मुख्य सचिव को भेजे गए एक कानूनी नोटिस में यह खुलासा हुआ है कि जिस अधिकारी ने साल 2017 से अपनी अचल संपत्ति का विवरण (IPR) तक दाखिल नहीं किया, उसे नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए विभाग के सर्वोच्च पद पर पदोन्नत कर दिया गया। नोटिस में भारतीय वन सेवा (वेतन) नियम, 2016 के प्रावधानों का हवाला देते हुए बताया गया है कि हर साल 31 जनवरी तक पिछला



IPR दाखिल करना अगली वेतन वृद्धि या पदोन्नति के लिए अनिवार्य शर्त है। केंद्रीय सरकारी IPR स्टेटस मॉड्यूल की पड़ताल में यह बात सामने आई है कि वर्ष 2017 से लेकर 2026 तक मिश्रा के नाम पर कोई संपत्ति विवरण दर्ज नहीं है। हैरानी की बात यह है कि जहाँ DoPT के नियमों के तहत IPR न देने पर विभागीय चार्जशीट और अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए थी, वहीं दिसंबर 2025 की चयन समिति ने आंखें मूंदकर उन्हें इंटीग्रिटी सर्टिफिकेट थमा दिया। इस गंभीर प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ अब सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग से संपत्तियों की स्वतंत्र जांच कराने, पदोन्नति की तत्काल समीक्षा करने और इस खेल में शामिल जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। नोटिस में 45 दिन के भीतर सख्त कार्रवाई न होने पर कानूनी कदम उठाने की चेतावनी दी गई है, जिससे शासन-प्रशासन में खलबली मच गई है।

आकृति चौधरी पर एनएसए मामले में हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी यूपी सरकार

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। छात्रा व एक्टिविस्ट आकृति चौधरी की एनएसए हिरासत रद्द करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को उत्तर प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने सीजेआई सूर्यकांत की बेंच को बताया कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल की जाएगी। दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आकृति चौधरी की एनएसए के तहत हिरासत को रद्द कर दिया था और 5 लाख रुपए मुआवजा देने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि यह मुआवजा उनकी हिरासत के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की सैलरी से वसूला जाए। इसमें गौतमबुद्ध नगर की डीएम मेधा रूपम और अन्य अधिकारी शामिल हैं। हाईकोर्ट ने नोएडा में श्रमिकों के प्रदर्शन में कथित भूमिका को लेकर आकृति चौधरी पर एनएसए लगाए जाने के फैसले की कड़ी आलोचना की थी। अदालत ने हिरासत के आधार को सिर्फ अनुमान पर आधारित और पर्याप्त सामग्री के अभाव वाला पाया था। हाईकोर्ट ने प्रशासन की कार्रवाई को ÷उपहास के योग्य÷ बताते हुए संबंधित अधिकारियों के सर्विस रिकॉर्ड में अदालत की नाराजगी दर्ज करने का भी निर्देश दिया था। अब राज्य सरकार इसी आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने जा रही है। आकृति चौधरी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलतराम कॉलेज से हिस्ट्री में ग्रेजुएशन किया है, जिसके बाद वह डीयू से ही कानून की पढ़ाई कर रही हैं। आकृति चौधरी मूल रूप से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर की रहने वाली हैं। वह अपने कॉलेज के दिनों से ही छात्र एक्टिविस्ट के तौर पर काम करने लगीं। कुछ महीने पहले जब नोएडा में 40 हजार से ज्यादा मजदूर अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे थे, तो उस प्रदर्शन में आकृति चौधरी का नाम सामने आया था। इसी मामले में उन पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई थी, जिसे अब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है।

यूपीआई और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को ग्लोबल साउथ तक ले जाने की तैयारी, फिनटेक निर्यात बढ़ाने पर भारत का जोर : वाणिज्य सचिव

डेली आवाज भारती

मुंबई। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि भारत को अपनी फिनटेक क्षमताओं, विशेष रूप से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) के अनुभव का उपयोग करते हुए वैश्विक बाजारों में विस्तार करना चाहिए। मुंबई में आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में बोलते हुए अग्रवाल ने कहा कि भारत के पास विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों में अपनी डिजिटल भुगतान और वित्तीय प्रौद्योगिकी सेवाओं का विस्तार करने का बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर फिनटेक सेवाओं का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और यदि भारत इस व्यापार में केवल 10 प्रतिशत हिस्सेदारी भी हासिल कर लेता है, तो देश का फिनटेक सेवा निर्यात मौजूदा 8 अरब डॉलर से बढ़कर 60 से 80 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। राजेश अग्रवाल ने कहा, फिनटेक सेवाओं के क्षेत्र में वैश्विक व्यापार तेजी से बढ़ रहा है। यदि हम इसमें 10 प्रतिशत योगदान भी हासिल करते हैं, तो यह 8 अरब डॉलर से 60-80 अरब डॉलर के निर्यात तक पहुंचने की यात्रा हो



सकती है।÷ उन्होंने बताया कि भारत पहले से ही अपने डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मॉडल को अन्य देशों तक पहुंचाने की दिशा में काम कर रहा है। इस उद्देश्य से भारत ने अब तक लगभग 23 देशों के साथ डीपीआई सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इसके अलावा, सरकार कई देशों के साथ भुगतान प्रणालियों को परस्पर जोड़ने की दिशा में भी काम कर रही है, विशेष रूप से उन देशों में जहां भारतीय प्रवासियों की बड़ी आबादी रहती है। अग्रवाल ने कहा, हमने डीपीआई सहयोग के लिए लगभग 23 देशों के साथ समझौते किए हैं। हम जिन भी मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत करते हैं, उनमें भुगतान प्रणालियों के समन्वय पर भी चर्चा करते हैं, खासकर उन देशों के साथ जहां भारतीय मूल के लोगों की बड़ी संख्या मौजूद है। उन्होंने आगे कहा कि प्रौद्योगिकी वित्तीय सेवाओं की लागत कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। विशेष रूप से प्रेषण (रेमिटेंस), ऋण वितरण और भुगतान सेवाओं को अधिक सस्ता एवं सुलभ बनाने के लिए डिजिटल भुगतान प्रणालियों और भारत की फिनटेक क्षमताओं का वैश्विक स्तर पर विस्तार किया जा सकता है। वाणिज्य सचिव ने फिनटेक क्षेत्र के विकास में मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न व्यापार समझौतों के दौरान वित्तीय विनियमन, दूरसंचार, सीमा-पार डेटा प्रवाह, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), निवेश और पेशेवरों की आवाजाही से संबंधित बाधाओं को दूर करने का प्रयास करता है, ताकि फिनटेक क्षेत्र के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा, ÷जब हम एफटीए पर बातचीत करते हैं, तो वित्तीय विनियमन, दूरसंचार, डेटा प्रवाह, एआई, निवेश और पेशेवरों की आवाजाही से जुड़ी बाधाओं को कम करने का प्रयास करते हैं, ताकि फिनटेक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल सके।

अरुणाचल प्रदेशः उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने विधायकों से लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने का किया आग्रह

डेली आवाज भारती

ईटानगर। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को विधायकों से लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं को बनाए रखने और अरुणाचल प्रदेश तथा देश के विकास और प्रगति के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने विधायी कामकाज में बातचीत, बहस और चर्चा के महत्व पर जोर दिया। बहस, चर्चा या हंगामे का नतीजा हमेशा किसी फैसले के रूप में निकलना चाहिए। स्वस्थ बहस लोकतंत्र को मजबूत करती है और रचनात्मक सहयोग राज्य और देश को आगे बढ़ाता है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश का रणनीतिक महत्व बहुत ज्यादा है, यहां की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध है और प्राकृतिक



संसाधन भरपूर हैं और यह देश की सीमाओं की सुरक्षा में अहम भूमिका निभाता है। देश के बाकी हिस्सों की सुरक्षा, अरुणाचल प्रदेश के लोगों द्वारा सीमाओं की सुरक्षा से गहराई से जुड़ी हुई है। अरुणाचल प्रदेश हमारे देश की सीमाओं का गौरवशाली प्रहरी है और भारत की एकता और अखंडता का एक अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि हमारी क्षेत्रीय आवाजें अलग-अलग हैं लेकिन हम एक दस्तावेज-हमारे संविधान, एक विजन-राष्ट्र प्रथम, और एक लक्ष्य-विकसित भारत 2047 से एकजुट हैं। उपराष्ट्रपति मंगलवार को दो दिन की यात्रा पर मणिपुर से अरुणाचल प्रदेश पहुंचे। उन्होंने ईटानगर में विधानसभा गैलरी-सह-संग्रहालय %न्येदार नामलो%, जवाहरलाल नेहरू राज्य संग्रहालय और सुनने और देखने में अक्षम लोगों के लिए %डोनी पोलो मिशन स्कूल% का भी दौरा किया। आधिकारिक एक्स अकाउंट पर मुख्यमंत्री खांडू ने कहा कि ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन का संबोधन सुनना एक यादगार और प्रेरणादायक अनुभव था। उपराष्ट्रपति का संदेश इस बात की जबरदस्त याद दिलाता है कि हमारे लोकतंत्र की ताकत बातचीत, बहस और चर्चा में निहित है।

पंजाब बीबीए टॉपर बनीं निहारिका, पिता बोले- बेटी ने गर्व से सिर ऊंचा किया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। पंजाब के अमृतसर के सरूप रानी गवर्नमेंट कॉलेज की छात्रा निहारिका ने पंजाब में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) में टॉप किया है। अपनी इस उपलब्धि को लेकर उन्होंने बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि मैंने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय (जीएनडीयू) के अंतर्गत आने वाली यूनिवर्सिटी सरूप रानी गवर्नमेंट कॉलेज से बीबीए किया है, जिसमें पूरे पंजाब में मेरा पहला रैंक आया है। उन्होंने बताया कि जीएनडीयू के अंतर्गत 100 से ज्यादा कॉलेज आते हैं और मैंने उन सभी में पहला स्थान



प्राप्त किया है। अपनी इस सफलता के पीछे के राज का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि इसके पीछे लगातार पढ़ाई और निरंतर मेहनत है। उन्होंने अपने सपने के बारे में बताया कि मैंने सोचा है कि मैं भविष्य में बड़े स्तर पर अपना बिजनेस खोलूंगी। बाकी आगे देखते हैं। वहीं, पिता के सपने के बारे में उन्होंने बताया कि वह चाहते हैं कि मैं यूपीएससी क्रैक कर आईएएस या आईपीएस बनूं। हालांकि, मेरा मन बड़े स्तर पर अपना बिजनेस करने का है। निहारिका ने बताया कि वह प्रतिदिन 5-6 घंटे की पढ़ाई करती थी। सोशल मीडिया के दौर और उसके प्रभाव को लेकर उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखनी चाहिए क्योंकि उसमें इस प्रकार के कंटेंट हैं जो उन्हें नहीं देखने चाहिए। इसके बदले आप व्यायाम, घर के काम या अन्य चीजें करें, जिसमें आपकी रुचि हो।

उन्होंने कहा कि मैं पढ़ाई करने के साथ-साथ घर का काम भी किया करती थी। निहारिका ने अपने जूनियर्स को सलाह दी कि वे अपने माता-पिता के साथ शिक्षकों की बातों को सुनें, मेहनत करें और लाइफ में उनको कुछ अच्छा बनकर दिखाएं। उन्होंने बताया कि दूसरे वर्ष की परीक्षा में भी उनका पूरे राज्य में स्थान टॉप-10 में था। निहारिका आगे एमबीए करेंगी। इसके साथ उन्होंने दूसरे बच्चों को सलाह दी कि जितना हो सकता है पढ़ो, मेहनत करो और कामाब बनो।

डीआरआई की बड़ी कार्रवाईः 15 दिनों में 740 किलो मादक पदार्थ जब्त, 13 आरोपी गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पिछले पखवाड़े के दौरान देशभर में चलाए गए आठ बड़े अभियानों में करीब 740 किलोग्राम गांजा और चरस जब्त की है। वित्त मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी बयान के अनुसार, इन कार्रवाइयों के दौरान 13 लोगों को गिरफ्तार र किया गया। जब्त मादक पदार्थों में 709.6 किलोग्राम गांजा, 24.5 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली हाइड्रोपोनिक कैनबिस और 5 किलोग्राम चरस शामिल है। डीआरआई को प्राप्त खुफिया सूचना के आधार पर अधिकारियों ने विशाखापट्टनम से आ रहे दो ट्रकों को रायपुर के निकट ओल्ड धमतरी रोड पर रोका। तलाशी के दौरान ट्रकों के लोडिंग क्षेत्र में रखी गई 10 बोरियों के भीतर छिपाए गए 61



पैकेट बरामद हुए। जांच में इनमें 375.95 किलोग्राम गांजा पाया गया। अधिकारियों ने गांजा और दोनों ट्रकों को एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत जब्त कर लिया तथा इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 5 और 6 सितंबर को विशेष सूचना के आधार पर डीआरआई ने पटना के निकट औरंगाबाद-पटना राजमार्ग पर एक ट्रक को रोका। मंत्रालय के अनुसार, कार्रवाई के दौरान अधिकारियों पर हमला किया गया जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया, जबकि ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। तलाशी में ट्रक से 90 पैकेट बरामद हुए, जिनमें 140.5 किलोग्राम गांजा मिला। गांजा और वाहन को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि इससे पहले 26 अगस्त 2026 को डीआरआई अधिकारियों ने रायपुर के पास एक ट्रक से छिपाकर ले जाया जा रहा लगभग 124 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा, 3 सितंबर 2026 को डीआरआई ने गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर अमरनाथ एक्सप्रेस के सामान्य डिब्बे में यात्रा कर रहे तीन लोगों को रोका। व्यक्तिगत तलाशी के दौरान करीब 5 किलोग्राम चरस (हशीश) बरामद हुई। जांच में पता चला कि दो यात्रियों ने चरस को घुटने के सपोर्ट जैसी बनावट में अपनी जांघों के आसपास छिपाया हुआ था और उसे साड़ियों के भीतर रखा गया था। प्रारंभिक जांच से संकेत मिले हैं कि यह चरस नेपाल से तस्करी कर भारत लाई गई थी। बरामद चरस को एनडीपीएस अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया तथा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। बयान में आगे कहा गया कि पिछले 15 दिनों के दौरान डीआरआई ने हनोई (वियतनाम) और बैंकॉक (थाईलैंड) से आने वाले तीन यात्रियों को हैदराबाद और बेंगलुरु हवाईअड्डों पर पकड़ा। इन यात्रियों के पास से कुल मिलाकर लगभग 24.6 किलोग्राम उच्च क्षमता वाली कैनबिस बरामद की गई। अधिकारियों ने मादक पदार्थ जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, हालिया कार्रवाई देशभर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। डीआरआई ने कहा कि अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क पर नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

'हनुमान अंश' को लेकर सियासी घमासान, राशिद अल्वी के बयान पर आई नेताओं की प्रतिक्रिया

डेली आवाज भारती

मुंबई। निर्देशक विशाल चतुर्वेदी की फिल्म 'हनुमान अंश' जहां एक तरफ बॉक्स ऑफिस में अच्छा कलेक्शन कर रही हैं, तो दूसरी तरफ विवादों में भी घिरी हुई है। कई लोग इसे टैक्स फ्री करने की मांग कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने इस फिल्म को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी के द्वारा दिए गए बयान और फिल्म को टैक्स फ्री करने पर कई राजनीतिक प्रतिक्रियाएं देखने को मिली। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने फिल्म को टैक्स फ्री करने पर कहा, ÷यह फैसला सीएम योगी का होगा और भारतीय जनता पार्टी को तय करना होगा कि यह फिल्म टैक्स फ्री होगी या नहीं।÷ फिल्म %हनुमान अंश% को लेकर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी के बयान पर कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने कहा, ÷यह राशिद अल्वी का पूरी



तरह से पर्सनल बयान है। मुझे इस बयान पर कमेंट करने की जरूरत नहीं है। भाजपा नेता संगीत सोम ने फिल्म को टैक्स फ्री करने पर कहा, मेरा मानना है कि ऐसी फिल्मों को टैक्स फ्री किया जाना चाहिए और मैं मुख्यमंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि इस फिल्म को टैक्स फ्री करें। बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कांग्रेस नेता राशिद अल्वी के बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे हर चीज को वोट-बैंक के नजरिए से दखते हैं। उन्होंने कहा, ÷वे हर चीज को वोट-बैंक की राजनीति के नजरिए से देखते हैं और लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटते हैं, जो कि बिल्कुल भी ठीक नहीं है। जब कोई फिल्म राम, हनुमान और संतों की सेवा दिखाती है, तो उन्हें उसमें राजनीति दिखती है। जनता यह सब समझती है। ऐसी फिल्में सनातन संस्कृति और आस्था को मजबूत करती हैं। सनातन आस्था मजबूत होती है और राशिद अल्वी को इसमें वोट देख रही है, लेकिन जनता को सब पता है। जहां हमारे संत की सेवा हो उसे ये राजनीति भावना से देख रहे है। इसलिए कहीं से भी ये उचित नहीं है। झारखंड भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा, देखिए, हनुमान अंश बहुत अच्छी फिल्म है, जिसमें बाबा नीम करोली की पूरी जिंदगी को बहुत अच्छे से दिखाया गया है। उनके चमत्कारों को भी बिना किसी नाटक के, बिल्कुल साधारण तरीके से दिखाया गया है। कहा जाता है कि वह एक तरह से भगवान हनुमान का ही एक रूप थे। इसलिए, अगर सरकारें इसे टैक्स-फ्री कर दें तो यह बहुत अच्छी पहल होगी।

राष्ट्रीय पोषण माह : सीएम योगी का विपक्ष पर निशाना

- कहा-2017 से पहले आंगनबाड़ी का पोषाहार शराब माफिया के हाथों में था

डेली आवाज भारती

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पिछली सरकारों पर आंगनबाड़ी व्यवस्था में अनियमितताओं और अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में बच्चों के पोषाहार तक की व्यवस्था माफिया के हाथों में थी। उन्होंने कहा कि उस समय आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति बदहाल थी, बच्चों को टाट लेकर जाना पड़ता था और न पेयजल था, न शौचालय और न ही गर्म पके भोजन की व्यवस्था। उनकी सरकार ने इस पूरी व्यवस्था



को बदलकर आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किया है। वाराणसी में नौवें राष्ट्रीय पोषण माह के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद जब आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई तो कई गंभीर खामियां सामने आईं। पोषाहार की आपूर्ति तक में अनियमितता थी। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आया कि प्रदेश का एक शराब माफिया पोषाहार की रेसिपी की आपूर्ति करता था। सरकार ने इसकी गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए।

उन्होंने कहा कि उस दौर में व्यवस्था की गलतियों का खामियाजा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भुगतना पड़ता था। लखनऊ में बैठे लोग गलतियां करते थे और उसकी गाली आंगनबाड़ी बहनों को सुननी पड़ती थी। उन्हें समय से मानदेय तक नहीं मिलता था। सरकार ने इस स्थिति को बदलते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और केंद्रों की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता दी। पिछले साढ़े नौ वर्षों में प्रदेश में 70 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को नया स्वरूप दिया गया है। इन केंद्रों पर अब बाल वाटिकाएं संचालित हो रही हैं, जहां बच्चे खेल-खेल में अक्षर और अंक ज्ञान हासिल कर रहे हैं।

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बनें कार्यकर्ता : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

सिरसा। सिरसा से सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने रादौर रोड स्थित रतन फार्म, ऊंचा चंदना में आयोजित खेड़ी लक्खा सिंह ब्लॉक कांग्रेस अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जनविरोधी नीतियों को लेकर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आम जनता की आवाज बनकर संघर्ष करने का आह्वान किया। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का संदेश स्पष्ट है कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनके मुद्दों को उठाएं और संगठन को मजबूत



करें। उन्होंने कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी, कर्मचारियों की समस्याएं और भ्रष्टाचार आम आदमी के सामने बड़ी चुनौतियां बनकर खड़े हैं। उन्होंने प्रदेश में चल रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों पर निलंबन, बर्खास्तगी और अन्य दंडात्मक कार्रवाई करना समाधान नहीं है। हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लंबे समय से जारी है और नियमितीकरण समेत विभिन्न मांगों को लेकर सरकार और कर्मचारियों के बीच गतिरोध बना हुआ है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों को धमकाने के बजाय उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठकर बातचीत करनी चाहिए। ÷जो लोग शहरों को साफ रखने का काम करते हैं, उनकी आवाज को दबाने के बजाय उनकी समस्याएं सुनी जानी चाहिए।÷ उन्होंने सरकार से दंडात्मक कार्रवाई रोककर वार्ता के माध्यम से समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई ने आम परिवार का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के बढ़ते दामों से मध्यम वर्ग और गरीब परिवार परेशान हैं। रोजगार के अवसरों की कमी और बढ़ती आर्थिक मुश्किलों ने युवाओं और परिवारों की चिंता बढ़ाई है। कुमारी सैलजा ने सरकारी व्यवस्था में कथित भ्रष्टाचार और फिजूलखर्ची पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जनता के टैक्स का पैसा जनकल्याण पर खर्च होना चाहिए, न कि अनावश्यक खर्चों में। प्रशासनिक तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनें तथा उन्हें संगठन के माध्यम से मजबूती से उठाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, युवाओं और आम लोगों के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ सकती है। अधिवेशन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और संगठन को मजबूत करने तथा जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

CMYK

page 8_Layout 1 09-09-2026 20:24 Page 1

डॉ. बलजीत कौर ने बाल देखभाल संस्थाओं की बच्चियों के साथ मनाई तीज

■ 'सहेलियों का समारोह' बेटियों के मान-सम्मान, आपसी भाईचारे और आत्मविश्वास का बना सुंदर प्रतीक







■ लोकनृत्य, त्रिंजन के गीत, फुलकारियों और पंजाबी गांव की झलक ने बांधा समां; बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जीता दिल

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, राहुल गोयल: पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत आज उस समय अपने पूरे रंगों में खिल उठी, जब सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य भर की बाल देखभाल संस्थाओं की बच्चियों तथा नवजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिसर्च, पटियाला की विशेष योग्यता वाली बच्चियों के लिए ÷तीज और राखीङ्कसहेलियों का समारोह÷ का शानदार आयोजन किया गया। पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए बच्चियों के साथ तीज और राखी के पवित्र त्योहार मनाए तथा प्रेम, आपसी सहभागिता, सम्मान और नारी शक्ति का संदेश दिया। समारोह की भरपूर सराहना करते हुए डॉ. बलजीत कौर ने सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक डॉ. शेना अग्रवाल और पूरी टीम को ऐसा सार्थक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे समारोह न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाते हैं, बल्कि उनके मन में आत्मविश्वास, अपनत्व और उम्मीद की नई रोशनी भी जगाते हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. बलजीत कौर ने कहा, ÷तीज की खुशी, राखी का प्यार, नारी हमारी शान–सुरक्षा की पहरेदार। आइए हर बेटी का सम्मान करें, उसे सशक्त बनाएं और उसके सुनहरे भविष्य की सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि तीज नारी की आत्मशक्ति, उम्मीदों, सपनों और जीवन के उत्साह का पर्व है, जबकि राखी आपसी विश्वास, प्रेम और साझा जिम्मेदारी का पावन प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय और समाज सेवा सहित हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं और परिवारों के साथ-साथ समाज की मजबूत नींव भी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं केवल सुरक्षा की हकदार ही नहीं, बल्कि अपने परिवारों और समाज की सच्ची रक्षक भी हैं। बाल देखभाल संस्थाओं तथा नवजीवनी इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिसर्च, पटियाला की विशेष योग्यता वाली बच्चियों की भागीदारी का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि यह समारोह उनके भीतर छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करने तथा उनमें नए सपने और नया आत्मविश्वास जगाने की एक अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अवसरों का हकदार है और सही मार्गदर्शन तथा प्रोत्साहन मिलने पर वह जीवन की हर चुनौती को पार कर सकता है। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार हर बेटी और हर बच्चे को सुरक्षित, स्नेहपूर्ण और अवसरों से भरपूर वातावरण उपलब्ध करवाने के



सांस्कृतिक परंपराएं हमारी पहचान की आत्मा हैं, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ती हैं और जीवन में सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करती हैं। समारोह के दौरान बाल देखभाल संस्थाओं के बच्चों ने पंजाबी लोकनृत्य, त्रिंजन के गीतों और अन्य रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरे वातावरण को जीवंत और खुशनुमा बना दिया। बच्चों के आत्मविश्वास, हुनर और उत्साह ने उपस्थित लोगों को भावुक भी किया और प्रभावित भी। समारोह स्थल को पारंपरिक पंजाबी गांव का रूप दिया गया था, जहां फुलकारियां, चरखे, हस्तशिल्प की वस्तुएं और ग्रामीण संस्कृति की झलकियां आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। यह मनमोहक दृश्य पंजाब की समृद्ध विरासत और लोक-संस्कृति का जीवंत प्रतिबिंब बनकर उभरा। बच्चियों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए डॉ. बलजीत कौर ने उन्हें तीज और राखी की शुभकामनाएं दीं तथा आह्वान किया कि वे अपनी मिट्टी, मातृभाषा और संस्कृति से जुड़े रहते हुए शिक्षा तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नई मंजिलें हासिल करें। उन्होंने सभी महिलाओं से भी अपील की कि वे अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानें, रूढ़िवादी सोच से ऊपर उठें और आत्मविश्वास के साथ समाज की प्रगति में अपना योगदान दें। मंत्री ने इस यादगार समारोह को सफल बनाने वाली बच्चियों, कलाकारों, देखभाल करने वाले स्टाफ, आयोजकों और विभागीय अधिकारियों की भरपूर सराहना की। समारोह का समापन लोकगीतों और गिद्दा की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसने प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति के मन पर बेटियों के सम्मान, बाल कल्याण, सांस्कृतिक गौरव और पंजाब सरकार की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता की अमिट छाप छोड़ी। इस समारोह के दौरान प्रमुख महिला अधिकारियों और विशिष्ट हस्तियों ने भी शिरकत की। उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक विभाग की विशेष मुख्य सचिव श्रीमती राजी पी. श्रीवास्तव (आई.ए.एस.), प्रमुख सचिव श्रीमती राखी गुप्ता भंडारी (आई.ए.एस.), श्रीमती भावना गर्ग (आई.ए.एस.), श्रीमती हरगुणजीत कौर (आई.ए.एस.) और श्रीमती विम्मी भुल्लर (आई.ए.एस.) विशेष रूप से शामिल हुईं। इसके अलावा अन्य प्रमुख हस्तियों तथा सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी समारोह में उपस्थित होकर बच्चियों का उत्साहवर्धन किया।

पंजाब विशेष गहन पुनरीक्षण 2026: 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा 12 सितंबर तक मतदाता के रूप में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं : सीईओ पंजाबअनिंदिता मित्रा

युवाओं की सक्रिय भागीदारी जीवंत एवं मजबूत लोकतंत्र का आधार : सीईओ अनिंदिता मित्रा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़ /राहुल गोयल। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पंजाब राज्य में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत 13 अगस्त 2026 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर 2026 है। यह जानकारी पंजाब की मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अनिंदिता मित्रा ने आज यहां साझा की। श्रीमती मित्रा ने आगे बताया कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा दावों और आपत्तियों का साथ-साथ निपटारा किया जा रहा है और यह प्रक्रिया 8 अक्टूबर 2026 तक जारी रहेगी। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 12 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने पंजाब राज्य के सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपने मतदाता संबंधी



विवरणों की जांच कर लें और यदि किसी प्रकार की आपत्ति हो तो उसे 12 सितंबर 2026 तक प्रस्तुत कर दें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अनिंदिता मित्रा ने विशेष रूप से पंजाब राज्य के उन सभी युवाओं से अपील की, जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है या जो 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं, कि वे फॉर्म नंबर 6ए भरकर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास जमा करवा सकते हैं। कोई भी व्यक्ति जिसका नाम पहले ही 13 अगस्त 2026 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में मौजूद है, वह अपने विवरण में सुधार, पता बदलने या अन्य विवरणों को अपडेट करने के लिए फॉर्म नंबर 8 जमा करवा सकता है। इस संबंध में आवेदन ऑनलाइन https://voters.eci.gov.in पर, मोबाइल ऐप के माध्यम से, बूथ लेवल अधिकारियों के जरिए ऑफलाइन अथवा ईआरओ/एईआरओ के कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। श्रीमती मित्रा ने जोर देते हुए कहा, ÷मतदान केवल एक नागरिक कर्तव्य नहीं, बल्कि एक मौलिक संवैधानिक अधिकार है, जिसके माध्यम से युवा नागरिक सक्रिय रूप से देश के शासन और भविष्य को आकार देते हैं।

विजीलेंस ब्यूरो ने 20,000 रुपये रिश्वत लेते पंचायत सचिव को रंगे हाथों काबू किया

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़,राहुल गोयल। पंजाब विजीलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान बी.डी.पी.ओ. कार्यालय भूनरहेड़ी, जिला पटियाला में तैनात पंचायत सचिव गुरजंट सिंह को 20,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आज यहां यह जानकारी देते हुए राज्य विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव भटियां, जिला पटियाला के एक निवासी द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने आरोप



लगाया कि ग्राम पंचायत ने एक स्थानीय धर्मशाला और कम्युनिटी हॉल की मरम्मत एवं निर्माण के लिए प्रस्ताव पारित किए थे। इन प्रस्तावों पर आगे की कार्रवाई तथा विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पंचायत सचिव गुरजंट सिंह ने 20,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। आरोपी पंचायत सचिव ने बताया था कि रिश्वत की इस राशि में से एक हिस्सा प्रस्तावों पर हस्ताक्षर करवाने के लिए ग्राम पंचायत के पंचों में बांटा जाएगा। रिश्वत देने के इच्छुक न होने पर शिकायतकर्ता ने विजीलेंस ब्यूरो पटियाला से संपर्क किया। उसकी शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और आरोपी पंचायत सचिव को दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत विजीलेंस ब्यूरो थाना पटियाला में मामला दर्ज कर लिया गया है और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

ईज़ी रजिस्ट्री के 14 महीने सम्पूर्ण, पंजाब में संपत्ति पंजीकरण सेवाओं में आया बड़ा बदलाव

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़, राहुल गोयल। पंजाब के राजस्व मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज कहा कि संपत्ति पंजीकरण को तेज, सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों में ईज़ी रजिस्ट्री एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है। मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा जुलाई 2025 में मोहाली से पायलट प्रोजेक्ट के रूप में ईज़ी रजिस्ट्री की शुरुआत किए जाने के बाद नागरिकों को संपत्ति पंजीकरण संबंधी सेवाएं प्रदान करने के तौर-तरीकों में पूरी तरह बदलाव आया है। इस पहल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया, जो पहले बड़े स्तर पर कार्यालय-केंद्रित व्यवस्था पर निर्भर थी, को ऑनलाइन और समयबद्ध मॉडल में परिवर्तित किया गया है। इससे बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने और अधिकारियों से सीधे संपर्क की आवश्यकता कम हुई है। स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मान सरकार का ध्यान संपत्ति



पंजीकरण को ऐसी सेवा में बदलने पर केंद्रित रहा है, जहां नागरिक अधिक सुविधाजनक तरीके और विश्वास के साथ सेवाएं प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा, ÷ईज़ी रजिस्ट्री केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि यह एक प्रशासनिक सुधार है, जिसे नागरिकों की सुविधा, सम्मान और अधिकारों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।÷ उन्होंने कहा कि ईज़ी रजिस्ट्री का प्रभाव नागरिकों से प्राप्त फीडबैक से स्पष्ट होता है। जिन जिलों और गांवों में यह पोर्टल कार्यशील है, वहां के 6,623 टोकन-धारक नागरिकों का दो चरणों में सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण-1.0 में 1,737 लाभार्थी तथा सर्वेक्षण-2.0 में 4,886 लाभार्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि दोनों सर्वेक्षणों के परिणामों में नई प्रणाली के प्रति लोगों की संतुष्टि सामने आई है। 93 प्रतिशत लाभार्थी नई पंजीकरण प्रक्रिया से संतुष्ट पाए गए। इसी प्रकार 93 प्रतिशत लाभार्थियों ने बताया कि उनकी रजिस्ट्री निर्धारित तिथि पर पूरी हुई। इसके अलावा 90 प्रतिशत लाभार्थियों को प्रक्रिया के किसी भी चरण में कोई समस्या नहीं आई, जबकि 93 प्रतिशत मामलों का बिना किसी आपत्ति के प्रारंभिक जांच के दौरान निपटारा किया गया। इसी प्रकार 94 प्रतिशत लाभार्थियों ने बताया कि उन्हें कोई अतिरिक्त भुगतान करने के लिए दबाव नहीं डाला गया। लाभार्थियों के फीडबैक के अनुसार अधिकांश आवेदकों की रजिस्ट्री उनके निर्धारित दिन लगभग 35 मिनट में पूरी हुई। निर्धारित दिन और टोकन प्रणाली के कारण कार्यालयों में प्रतीक्षा समय कम हुआ, जबकि 48 घंटे के भीतर दस्तावेजों की जांच से बार-बार कार्यालय जाने की आवश्यकता भी कम हुई है।

आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान अत्यधिक राजनीतिकरण के कारण पुलिस का मनोबल गिरा :शिरोमणी अकाली दल

आम आदमी पार्टी के नेता तलबीर गिल और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सरेआम धमकी दे रहे: सरदार अर्शदीप सिंह कलेर

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। शिरोमणी अकाली दल के मुख्य प्रवक्ता एवं एडवोकेट सरदार अर्शदीप सिंह कलेर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान बॉर्डर राज्य पंजाब में अत्यधिक राजनीतिकरण के कारण पुलिस का मनोबल बहुत ज्यादा गिर गया है कि उन्हें आप पार्टी के नेता वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सरेआम धमकी दे रहे हैं। यहां एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा अकाली दल के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि यह बेहद निंदनीय है कि चुनाव नजदीक होने पर नेताओं ने पुलिस बल पर इतना दबाव बे ा दिया है कि यां तो वे उनके निर्देशों के अनुसार काम करें यां नतीज भुगतने के लिए तैयार रहने की धमकी दे रहे हैं। उन्होने कहा कि ये नेता पुलिस स्टेशनों का दौरा कर रहे हैं और आईपीएस अधिकारियों सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को उनके कहे अनुसार



काम करने की धमकी दे रहे हैं। आम आदमी पार्टी के हलका इंचार्ज तलबीर सिंह गिल और अन्य लोगों के वीडियो दिखाते हुए एडवोकेट कलेर ने कहा कि ये नेता पुलिस बल के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं। उन्होने कहा कि ज बवे किसी ड्रग तस्कर को गिरफ्तार करते हैं तो ये नेता उन्हें रिहा कराने के लिए थाने पहुचंते हैं और आदेश का पालन नही करने पर उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देते हैं। उन्होने उन तरह से चरमरा गई है, जबकि बॉर्डर राज्य में इस बल की बहुत बे ी जिम्मेदारी होती है। उन्होने कहा कि पुलिस थानों पर ग्रेनेड हमलों और यहां तक कि रॉकेट लॉन्चर से हमले हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी के कार्यकाल के दौरान पंजाब पुलिस द्वारा जब्त किए गए कुल ड्रग्ज की मात्रा पर श्वेत पत्र की मांग करते हुए एडवोकेट कलेर ने कहा कि यह बेहद जरूरी है क्योंकि आम आदमी पार्टी के नेता इन ड्रग्ज तस्करों का बचाव करके भारी मात्रा में धन कमा रहे हैं और उनके नाम पर बे` पैमाने पर संपत्ति बना रहे हैं।पत्रकारों के एक सवाल का जवाब देते हुए अकाली नेता ने कहा कि आम आदमी पार्टी शवों पर राजनीतिक कर रही है, क्योंकि कल दि बा में गुलजार सिंह का जबरन अंतिम संस्कार करने के लिए पुलिस बल का इस्तेमाल किया गया, जबकि उनका परिवार आखिरी बार उनका चेहरा देखने के लिए रो रहा था।

नौ मुकदमों वाला शातिर आरोपी पुलिस के शिकंजे में, दो चोरीशुदा बाइक और लोहे का दात बरामद

डेली आवाज भारती

लुधियाना/रवीश कपूर । लुधियाना पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लूटपाट और चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना हैबोवाल पुलिस ने एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिलें तथा लोहे की दात बरामद की है। पुलिस कमिश्नर लुधियाना स्वपन शर्मा, आईपीएस के दिशा-निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर रुपिंदर सिंह, डीसीपी सिटी आलमविजय सिंह, अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर पुलिस जोन-3 धरावत साई प्रकाश तथा सहायक पुलिस कमिश्नर पश्चिमी जतिंदरपाल सिंह



की निगरानी में यह कार्रवाई की गई। थाना हैबोवाल के मुख्य अधिकारी इंस्पेक्टर जसवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस पार्टी ने 6 सितंबर को सेलर चौक, हैबोवाल कलां में नाकाबंदी के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी गुरविंदर सिंह उर्फ गिंदा, पुत्र साधा सिंह, निवासी गांव जस्सियां, डेरा काला सिंह, हैबोवाल कलां, लुधियाना को काबू किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद कर उसके खिलाफ मुकदमा नंबर 234 दिनांक 06-09-2026, धारा 303(2), 317(2) बीएनएस, थाना हैबोवाल में दर्ज किया। आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी की निशानदेही पर हैबोवाल कलां स्थित खाली प्लॉट के समीप से एक लोहे की दात और चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस प्रकार पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल दो चोरीशुदा मोटरसाइकिलें और एक लोहे की दात बरामद की है।

पंजाब में बदले बिल्डिंग बनाने के नियम, फायर एग्जिट से पार्किंग और छत तक नए नियम लागू

डेली आवाज भारती

पंजाब सरकार ने इमारतों के निर्माण को लेकर नियमों में बदलाव किया है। नए नियम घरों, दुकानों, सोसाइटी और कमर्शियल बिल्डिंग पर लागू होंगे। सरकार ने पंजाब शहरी नियोजन और बिल्डिंग (संशोधन) नियम, 2026 लागू कर दिए हैं। नए नियमों में फायर एग्जिट, बिजली की ओवरहेड लाइनों से दूरी, पार्किंग, सोलर पैनल, छत पर टॉयलेट और लिफ्ट से जुड़े नियमों में बदलाव किया गया है। यदि इमारत की ऊंचाई 21 मीटर (लगभग 6-7 मंजिल) से



अधिक है, तो उसमें चढ़ने-उतरने के लिए बनी सभी सीढ़ियों को अनिवार्य रूप से फायर एग्जिट की तरह बनाना होगा। आपात स्थिति में लोग इन सीढ़ियों के जरिए सुरक्षित तरीके से बाहर निकल सकेंगे। आवासीय और कमर्शियल दोनों तरह की इमारतों में लिफ्ट को सीधे छत तक ले जाने की अनुमति होगी। लिफ्ट का निर्माण नेशनल बिल्डिंग कोड 2016 और संबंधित नियमों के अनुसार करना होगा। इससे बुजुर्गों, दिव्यांग लोगों और छत तक सामान ले जाने वालों को सुविधा मिलेगी। बिजली की ओवरहेड या हाईटेंशन तारों के ठीक नीचे निर्माण करने पर पूरी पाबंदी होगी और पास में तय दूरी रखना अनिवार्य है। बिजली की ओवरहेड लाइनों के आसपास निर्माण करते समय तय दूरी का पालन करना होगा। बिजली की लाइन के नीचे सीधे निर्माण की अनुमति नहीं होगी। बूथ, सामान्य दुकानों और एसएचओ (स्ष्टह्व) के फर्श से छत की ऊंचाई अधिकतम 5 मीटर होगी। मेजेनाइन का इस्तेमाल केवल सामान रखने के लिए किया जा सकेगा। मेजेनाइन का क्षेत्रफल बूथ के कुल क्षेत्रफल के दो-तिहाई से ज्यादा नहीं होगा। साथ ही इसे स्नक्र में शामिल नहीं किया जाएगा। छत पर सोलर पैनल लगाते समय पैनल के नीचे 2.4 मीटर तक की खाली जगह छोड़ने की छूट दी गई है। यानि लगभग 8 फीट तक की जगह रखी जा सकेगी। सोलर पैनल और उसका स्ट्रक्चर इमारत की कुल ऊंचाई और स्नक्र की गणना में शामिल नहीं किया जाएगा।

CMYK